आज का विचार

प्रकृति का का तो सिर्फ लोगों से मिलना है, रिश्तो की उम्र क्या होती है यह आपके व्यवहार पर निर्भर करता है।

# दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का



6

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़। शुक्रवार, 19 अप्रैल, 2024 | वर्ष 22, अंक 95, मूल्यः 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com


## नायब सैनी ने यूपीएससी की परीक्षा में सफल हुए हरियाणा के अभ्यर्थियों से की टेलीफोन पर बात

### हरियाणा के मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों व उनके अभिभावकों को दी इस उपलब्धि के लिए बधाई

भूपेंद्र शर्मा

चंडीगढ़ (सिटी दर्पण)

हरियाणा के मुख्यमत्री श्री नायब सिंह ने हरियाणा राज्य से संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में सफल रहे अभ्यर्थियों से टेलीफोन पर बात की और उन्हें व उनके परिवारजनों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस परीक्षा में सफल रहे अभ्यार्थियों से कहा, ह्लआप पर हमें गर्व है और अपने करियर में गरीबों का जीवन स्तर उंचा उठाने पर फोकस रखे ह्व उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों से बातचीत करते हुए कहा कि आपने अपने प्रदेश व अपने परिवार का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे आज हरियाणा राज्य के इन युवाओं की सफलता पर बहुत ही गर्व महसूस कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने यूपीएससी की परीक्षा उतीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों से जनसेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का मंत्र देते हुए कहा कि आप अपनी प्रतिभा का इस्तेमाल ऐसी योजनाएं व कार्यक्रम बनाने के लिए करें जिससे देश व प्रदेश उन्नति की राह पर तेजी से आगे बढ़े। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि आप लोगों को जनसेवा में बिना किसी भेदभाव के पूरे प्रदेश व देश को एक परिवार के रूप में देखते व समझते हुए कार्य करना है ताकि समाज में खुशहाली आए। मुख्यमंत्री ने इन अभ्यर्थियों से कहा कि सिविल सर्वेंट को देश के स्टील फ्रेम की संज्ञा दी गई है। स्टील फ्रेम का काम सिर्फ आधार देना या सिर्फ चली आ रही व्यवस्थाओं को संभालना ही नहीं होता बल्कि स्टील फ्रेम का काम देश-प्रदेश को यह विश्वास भी दिलाना होता है कि बड़े से बड़ा संकट हो या फिर बड़े से बड़ा बदलाव,



आप एक ताकत बनकर देश-प्रदेश को आगे बढाने में सहयोग करेंगें।

उन्होंने इन युवाओं से कहा कि सिविल सेवा के क्षेत्र में आप लोग लंबे सफर पर निकलने वाले हैं, उसमें नियमों का बहुत बडा योगदान होता है, लेकिन इसके साथ ही आपको रोल पर भी बहुत ज्यादा फोकस करना है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवा में रूल्स एंड रोल का अपना-अपना महत्व है परंतु आपको इन दोनों का बैलेंस लेकर चलना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश-प्रदेश जिस तरीके से काम कर रहा है, उसमें आप सभी सिविल सर्वेंट की भूमिका महत्वपूर्ण है। आपको यह सुनिश्चित कराना है कि नागरिकों को सेवाएं कैसे आसानी से उपलब्ध हों तथा सामान्य नागरिक का सशक्तिकरण कैसे हो। इसलिए आप लोगों को सिविल सेवा में बहुत सी चुनौतियों का सामना कर देश को तरक्की की राह पर आगे बढाना है।

#### अभ्यर्थियों ने सीएम के साथ सांझा किए बातचीत के अंश

हरियाणा के बहादुरगढ क्षेत्र के गांव खरहर के रहने वाले सिवांस राठी (63 रैंक) ने बताया कि मुख्यमंत्री जी का जब उन्हें बधाई के लिए फोन आया तो वे आश्चर्यचकित रह गये। मुख्यमंत्री से सीधी बात करके उन्हें खुशी हुई क्योंकि कभी सोचा नहीं था कि इस तरह फोन पर मुख्यमंत्री से बात होगी। इसी प्रकार, रेवाडी के गौरव यादव (234 रैंक) भी मुख्यमंत्री से बात करके प्रसन्नचित दिखाई दिये। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनको बधाई देकर हौसला बढ़ाया है। आज मुझे अपनी मेहनत पर गर्व हो रहा है। मुख्यमंत्री ने बिना भेदभाव के जनसेवा करने की सीख दी है, जो वे समझते है कि उनके भविष्य के करियर में काम आएगी। इधर, झज्जर जिला के बहादुरगढ क्षेत्र के ही अभिलाश सुंदरम (421 रैंक) ने मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से फोन पर बात होने पर खुशी जाहिर की है और कहा है कि उन्होंने सरलता से हमें अपनी जिम्मेदारी का अहसास करवाया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने कहा है कि आपने देश-प्रदेश का नाम रोशन किया है और जनसेवा में आपको इसी प्रकार से मेहनत करनी है ताकि देश व प्रदेश का तेजी से विकास हो सकें। वहीं, रोहतक के महम (अब कुरूक्षेत्र) से डॉ प्रगति वर्मा (355 रैंक) ने मुख्यमंत्री के साथ टेलीफोन पर हुई बातचीत का ब्यौरा देते हुए कहा कि सीएम ने नए कैरियर की शुरूआत के लिए शुभकामनाएं दी ताकि मैं जनसेवा के क्षेत्र में आकर देश व प्रदेश को आगे बढाने में अपनी भूमिका निभा सकूं। इसी तरह, सोनीपत जिला के गन्नौर से आकाशदीप (166 रैंक) मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह के साथ हुए वातार्लाप से काफी खुश दिखे। उन्होंने कहा कि हमारी इस उपलब्धि के लिए सीएम ने माता-पिता के प्रयासों की प्रशंसा की। आकाशदीप ने भी फोन करके बधाई देने व आशीर्वाद देने के लिए सीएम का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ने इसी प्रकार से यूपीएससी में हरियाणा से चयनित अन्य अभ्यर्थियों से भी बातचीत की और उन्हें बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## 2024 का चुनाव जीत या हार का नहीं, यह लोकतंत्र को बचाने की लड़ाईः भगवंत मान

### मान ने आप के 13 उम्मीदवारों का करवाया परिचय, कहा - वे संसद में आपकी बुलंद आवाज बनेंगे

सिटी दर्पण

चंडीगढ़

आम आदमी पार्टी ( आप ) पंजाब के अध्यक्ष सीएम भगवंत मान ने 'आप के मिशन 13-0' कार्यक्रम को संबोधित किया और कहा कि पार्टी ने अपने उम्मीदवारों को सभी पार्टी कार्यकताओं और मीडियाकर्मियों से परिचित कराने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया है। आप के उम्मीदवार वंशवादी नेता नहीं हैं। वे सामान्य पृष्ठभूमि से आते हैं। सामान्य परिवारों से आने वाले लोग ही संसद में आम लोगों की आवाज बनते हैं।

मान ने कहा कि 2024 का आम चुनाव जीत या हार का नहीं है। यह तानाशाही के खिलाफ लड़ाई है। यह हमारे लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई है। हमारा देश आज बड़े संकट से जूझ रहा है। हमारी सत्ता में एक तानाशाह है जो सिर्फ अपने बारे में सोचता है। वह सिर्फ अपने बारे में बात करता है और विपक्षी नेताओं को जेल में डाल रहा है।

मान ने कहा कि जब तानाशाही, अन्याय और अत्याचार का बोलबाला होता है तो भगवान इन सभी बुराइयों से हमें मुक्त कराने के लिए अपने झाड़ू का इस्तेमाल करते हैं। मैं अभी गुजरात से वापस आ रहा हूं। इससे पहले मैं असम और कुरूक्षेत्र में था। हर जगह लोग एक





- अरविंद केजरीवाल सिर्फ एक व्यक्ति ही नहीं, वह एक विचार हैं, वह केजरीवाल के शरीर को तो जेल में डाल सकते हैं, लेकिन उनकी सोच को कैसे रोकेंगे - मान
- सब जानते हैं कि सिर्फ अरविंद केजरीवाल के वायदे ही पूरे होते हैं, बीजेपी एक 'जुमला' पार्टी हैः मान

ही बात कह रहे थे कि बीजेपी और नरेंद्र मोदी अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी से डर गए हैं। इसलिए उन्होंने अरविंद केजरीवाल को रोकने के लिए उन्हें गिरफ्तार कर लिया। लोग कह रहे हैं कि वे बीजेपी के इन अत्याचारों का जवाब अपने वोट से देंगे। उन्होंने नारा दिया, 'जुल्म दा जवाब वोट से। मान ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सिर्फ एक व्यक्ति नहीं हैं, वह एक विचार हैं। वे अरविंद केजरीवाल के शरीर को जेल में डाल सकते हैं, वे उनकी सोच को कैसे रोकेंगे?

मान ने कहा कि अब आम आदमी पार्टी के हर सिपाही की जिम्मेदारी है कि वह हमारे राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा शुरू की गई काम की राजनीति, पारदर्शी और ईमानदार राजनीति को बचाए रखे और उसे आगे बढ़ाए। अरविंद केजरीवाल ने रामलीला मैदान से भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन करके इस पार्टी को बनाया। मात्र दस साल में हम राष्ट्रीय पार्टी बन गये। कोई भी राजनीतिक दल हमारे जैसा विकसित नहीं हुआ। दो राज्यों में हमारी सरकार है, हमारे 10 राज्यसभा सांसद हैं। गुजरात में हमारे 5 विधायक हैं। गोवा में हमारे 2 विधायक हैं। चंडीगढ़ में हमारा मेयर हैं। मध्य प्रदेश के सिंगरौली में हमारे पास नगर पार्षद अध्यक्ष है।

उन्होंने कहा कि दिल्ली नगर निगम में हमारे पास बहुमत है। भाजपा आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता और हमारी देशभक्ति व ईमानदार राजनीति को बर्दाश्त नहीं कर पा रही है। मैं समझता हूं कि बीजेपी यह सब क्यों पचा नहीं पाती है, क्योंकि वे जानते हैं कि जहां भी आम आदमी पार्टी जाती है, बीजेपी वहां खत्म हो जाती है।

अरविंद केजरीवाल जहां भी जाते हैं, वहां भ्रष्टाचार की राजनीति खत्म करते हैं और जनहितैषी सरकारें बनती हैं। लेकिन वे नहीं जानते कि वे हमें रोक नहीं सकते और डरा नहीं सकते।

मान ने कहा कि यहां कोई भी किसी मंत्री या मुख्यमंत्री का बेटा नहीं है। हमारे सभी विधायक, मंत्री और लोकसभा उम्मीदवार सामान्य परिवारों से हैं। मान ने कहा कि उन्हें (पारंपरिक राजनेताओं को) यहां तक दिक्कत है कि अरविंद केजरीवाल ने आम लोगों को एक मंच और मौका दिया और आम लोग विधायक और मंत्री चुने गए क्योंकि वे अब राजनीतिक गंदगी साफ कर रहे हैं।

## पहले चरण के लिए मतदान आज

### सीआरपीएफ के 3 लाख जवानों ने बनाया तीन स्तर का सुरक्षा घेरा

एजेंसी

नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में 19 अप्रैल को पहले चरण के मतदान की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिन सीटों पर मतदान होगा, उसके आसपास के जिलों की सीमाएं सील रहेंगी। इसके अलावा, ऐसा कोई लोकसभा क्षेत्र, जिसकी सीमा अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर से लगती हैं, वहां भी कई रास्तों को सील किया गया है। संवेदनशील मतदान केंद्रों के आसपास ड्रोन से निगरानी की जाएगी। नक्सल प्रभावित क्षेत्र और उत्तर पूर्व के इलाकों में स्थित मतदान कर्मियों को बूथ तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर की मदद ली गई है। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से मतदान कराने के मकसद से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों के करीब तीन लाख जवानों ने तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया है। चुनावी जिलों में इंटीग्रेटेड कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं।

19 अप्रैल को लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण के लिए वोट डाले जाएंगे। 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 संसदीय सीटों पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण की वोटिंग के साथ ही अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम की 92 विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश की 2 लोकसभा सीटें, जिनमें अरुणाचल प्रदेश पूर्व और अरुणाचल प्रदेश पश्चिम शामिल हैं, पर मतदान होगा। असम की डिब्रूगढ़, जोरहाट, काजीरंगा, लखीमपुर व सोनितपुर सीट पर वोट डाले जाएंगे। बिहार में औरंगाबाद, गया, जमुई व नवादा सीट पर मतदान होगा।

मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा, जबलपुर, बालाघाट, मंडला, सीधी व शहडोल और छत्तीसगढ़ की बस्तर सीट पर वोट डाले जाएंगे। मणिपुर में आंतरिक मणिपुर और बाहरी मणिपुर की सीट पर मतदान होगा। महाराष्ट्र में नागपुर, चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली-चिमूर और रामटेक सीट पर वोट डाले जाएंगे। मिजोरम, नागालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम व लक्षद्वीप में एक-एक सीट पर मतदान होगा। मेघालय की दो सीटें, शिलांग व तुरा पर वोट डाले जाएंगे। जम्मू-कश्मीर में उधमपुर की एक सीट पर वोट पड़ेंगे।



#### आसपास के जिलों की सीमाएं सील

केंद्र सरकार के सूत्रों के मुताबिक, प्रथम चरण के मतदान के दौरान सुरक्षा के अचूक प्रबंध किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में कूचबिहार, अलीपुरद्वार और जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट पर केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की करीब 300 कंपनियां तैनात की गई हैं। संवेदनशील बूथों के अलावा, राष्ट्रीय राजमार्ग और स्थानीय सड़कों पर भी सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। सार्वजनिक परिवहन और निजी वाहनों की चेकिंग की जा रही है। मणिपुर और बंगाल में मतदान के दौरान तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा रहेगा। जिन सीटों पर मतदान होगा, उसके आसपास के जिलों की सीमाएं सील कर दी जाएंगी। जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, असम, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई गई है। ड्रोन के जरिए निगरानी की जा रही है। चुनाव प्रचार बंद होने के बाद स्थानीय पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों ने मतदान केंद्रों के आसपास गश्त की है। संवेदनशील मतदान केंद्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। अधिकांश केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। कई जगहों पर लोकल पुलिस ने केंद्रीय बलों को साथ लेकर सर्च अभियान शुरुरू किया है। यूपी-उत्तराखंड सीमा पर चौकसी बढ़ाई गई है। बिलासपुर, बाजपुर-स्वार सीमा, मसवासी सीमा पर भी सीसीटीवी लगाए गए हैं। मतदान केंद्र के 200 मीटर के दायरे में वाहनों को ले जाने की अनुमति नहीं होगी।

## हरियाणा की 618 सरकारी व निजी इमारतों की लिफ्टों पर चिपकाए गए जागरूकता स्टीकरः अनुराग अग्रवाल

सिटी दर्पण

चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों को लेकर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रदेश की 618 सरकारी व निजी इमारतों की लिफ्टों पर जागरूकता स्टीकर चिपकाए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकारी व निजी इमारतों की लिफ्टों के बाहर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी जागरूकता स्टीकर लगाए गए हैं। स्टीकर पर संदेश अंकित है कि इस ऊँगली का



प्रयोग सिर्फ लिफ्ट का बटन दबाने के लिए ही नहीं, बल्कि 25 मई, 2024 को ईवीएम का बटन दबाने के लिए भी करें। मतदाता जब पहुंचे बूथ, लोकतंत्र करे मजबूत। लोकतंत्र के महापर्व के स्टीकर पर सबसे ऊपर चुनाव का पर्व-देश का गर्व अंकित है। स्टीकर पर ईवीएम पर बटन दबाती ऊँगली दिखाई गई है। यह हमें अपने मत का प्रयोग करने के लिए जागरूक कर रही है। अनुराग अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश की 618 सरकारी व निजी इमारतों की लिफ्टों पर जागरूकता स्टीकर चिपकाए गए है। जिनमें जिला पंचकुला 16, अम्बाला 15, यमुनानगर 24, कुरूक्षेत्र 30, कैथल 30, करनाल 30, पानीपत 51, सोनीपत 30, जींद 30, फतेहाबाद 30, सिरसा 30, हिसार 35, भिवानी 32, रोहतक 35, झज्जर 30, महेंद्रगढ़ 30, रेवाड़ी 30, गुरूग्राम 35, फरीदाबाद 42, मेवात 15, पलवल 13 और चरखी दादरी 5 सरकारी व निजी इमारतों की लिफ्टों पर जागरूकता स्टीकर चिपकाए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान के लिए सार्वजनिक स्थानों के साथ ही नागरिकों को अस्पतालों और अन्य जगहों पर अब लिफ्ट में भी मतदान जागरूकता करने के लिए स्टीकर नजर आ रहे हैं, जो लिफ्ट बटन दबाने से पहले मतदान के प्रति जागरूक कर रहे हैं।

## मोदी के नेतृत्व में भारत विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचा: अनुराग ठाकुर

सिटी दर्पण

नई दिल्ली/शिमला

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने आज गुजरात के जामनगर में पार्टी के चुनावी प्रचार कार्यक्रम में कहा कि पिछले 10 वर्षों में मोदी जी ने भारतवर्ष के चारों अमृत स्तंभ यानी युवा, महिलाएं, किसान और गरीब को जो विकास और सम्मान दिया है वो कांग्रेस ने 60 वर्षों में भी नहीं दिया। आज भारत तेजी से गरीबी को मिटाकर आत्मनिर्भर तो बन ही रहा है, इसके साथ ही मोदी जी ने अपने तीसरे कार्यकाल यानी मोदी 3.0 में देश को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु अभी से



ब्लूप्रिंट पर काम करना चालू कर दिया है। अगले तीन वर्षों में हमारा देश विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के कुशासन के बाद मोदी के 10 वर्षों का यह सुशासन देश के लिए बेहद जरूरी था। कांग्रेस के भय, भ्रम और भ्रष्टाचार की राजनीति को मोदी जी ने सेवा, सुशासन और जनकल्याण में परिवर्तित कर दिया है। इंडी एलायंस के लोग देश को जाति, धर्म, क्षेत्र और भाषा के नाम पर बांटने वाले और हम जोड़ने वाले हैं।

अनुराग ठाकुर ने कहा, नए भारत में जहां एक ओर जी20 का सफल आयोजन हुआ तो वहीं अब हम ओलंपिक के आयोजन की भी तैयारी करेंगे। पिछले 10 वर्षों में भारत के खिलाड़ियों ने लगभग सभी बड़े खेल प्रतिस्पधाओं में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त कर अपनी मेडल टैली को कई गुना तक बढ़ाया है। हमने खेलों के लिए पूरे देश में 360 डिग्री का परिवर्तन लाया है। पूरे देश में 1000 से ज्यादा खेलो इंडिया सेंटर खोले जा रहे हैं, स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटीज बन रहीं हैं। खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय ट्रेनिंग और कोच उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

## किसान आंदोलन जारी : 133 ट्रेनें प्रभावित, 56 को करना पड़ा रद्द, यात्री हुए परेशान

सिटी दर्पण

चंडीगढ़

हरियाणा-पंजाब के बॉर्डर शंभू में रेल ट्रैक पर पंजाब के किसानों का धरना जारी है। इससे लगातार दूसरे दिन फिरोजपुर मंडल, अंबाला मंडल व बीकानेर मंडल की ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। तीनों मंडल की कुल 133 ट्रेनें प्रभावित हुईं। 56 ट्रेनों को तो रद्द करना पड़ा। वहीं, 15 को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया और 62 को रूट डायवर्ट करके चलाया गया। इससे पहले, बुधवार को भी 81 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ था। वीरवार को इनकी संख्या 130 पार कर गई।

रेल ट्रैक जाम होने के चलते तीन राज्यों हरियाणा, पंजाब और जेएंडके जाने वाली ट्रेनों की आवाजाही प्रभावित हो रही है। वीरवार को पंजाब व जेएंडके जाने वाली

- अंबाला-लुधियाना रेल सेक्शन पर डटे हैं पंजाब के किसान, रेलवे ट्रैक की हो रही निगरानी

कुछ ट्रेनें वाया चंडीगढ़ भी भेजी गईं। उधर, संयुक्त किसान मोर्चा ( गैर राजनीतिक ) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन के कारण आरपीएफ व जीआरपी भी पूरी सतर्कता बरत रहा है। रेलवे ट्रैक के किनारे गश्त बढ़ा दी गई है और पंजाब के साथ लगती रेलवे लाइन की भी निगरानी की जा रही है। वहीं, रेलवे स्टेशनों पर भी सादी वर्दी में सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए गए हैं। अंबाला मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक नवीन कुमार ने बताया कि यात्रियों की



परेशानी को देखते हुए दो अतिरिक्त रिफंड काउंटर बनाए गए हैं जोकि 24 घंटे कार्यरत हैं। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि जब तक नवदीप सिंह व बाकी दो किसानों अनीश खटकड़ और गुरकीरत सिंह को रिहा नहीं किया जाता है, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। 04501 हरिद्वार-ऊना हिमाचल व 15211 जनसेवा को अंबाला, 12903 को निजामुद्दीन, 14661 को दिल्ली, 12715 सचखंड एक्सप्रेस को अंबाला, 14735 व 14526 को बठिंडा रेलवे स्टेशन पर रद्द किया गया। कुछ ट्रेनों को बीच रास्ते रद्द करके उसी रेलवे स्टेशन से पुनः चलाया गया। 12904 को निजामुद्दीन से, 14662 को दिल्ली से, 12716 को अंबाला से, 14736 को बठिंडा से, 14525 को बठिंडा से, 15212 जनसेवा को अंबाला से, 14815 को अंबाला से और ट्रेन नंबर 04502 ऊना हिमाचल-हरिद्वार एक्सप्रेस को अंबाला से पुनः संचालित किया गया।

#### फिरोजपुर मंडल : 12 मेल ट्रेनों समेत 29 रद्द और 28 के रूट बदले

बारह मेल (एक्सप्रेस) ट्रेनें रद्द की गई हैं। इनमें अमृतसर-चंडीगढ़ (12032), नई दिल्ली-अमृतसर (12029), पुरानी दिल्ली-फाजिल्का (14507), नई दिल्ली-अमृतसर (12459), जम्मूतवी-कानपुर (12470), कटरा-नई दिल्ली (22478), पुरानी दिल्ली-जालंधर (14681), पुरानी दिल्ली-कटरा (14033), नई दिल्ली-अमृतसर (12013), अमृतसर-नई दिल्ली (12014), अमृतसर-नई दिल्ली (12498) व हिसार-अमृतसर (14653) शामिल है। 17 पैसेंजर ट्रेनें रद्द की गई हैं, जबकि 28 ट्रेनों के रूट बदले गए हैं।

#### बीकानेर मंडल : छह ट्रेनें रद्द, चार आज भी रद्द रहेंगी

ट्रेन संख्या 04574 लुधियाना-भिवानी, 04571 भिवानी-धुरी पैसेंजर, 04576 लुधियाना-हिसार पैसेंजर, 04575 हिसार-लुधियाना पैसेंजर, 04744 लुधियाना-चूरू व 04746 लुधियाना-हिसार रद्द रहीं। शुक्रवार को 04572 धुरी-सिरसा पैसेंजर, 04573 सिरसा-लुधियाना पैसेंजर, 04745 चूरू-लुधियाना व 14653 हिसार-अमृतसर रद्द रहेगी।

# पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी आज फेसबुक पर होंगे लाइव

## लोक सभा मतदान 2024 से जुड़े सवालों के देंगे जवाब

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

लोक सभा मतदान- 2024 के सम्बन्ध में पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी द्वारा अनूठी पहल करते हुये 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह 11.00 से 11.30 बजे तक सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर लाइव होकर लोगों/ वोटरों की तरफ से पूछे सवालों के जवाब दिए जाएंगे। इस लाइव प्रोग्राम का नाम टॉक टू योर सीईओ पंजाब रखा गया है। इस संबंधी जानकारी देते हुये सिबिन सी ने बताया कि इस बार 70 पार के लक्ष्य को हासिल करने के लिए और लोगों को वोट डालने सम्बन्धी जागरूक करने के लिए अलग- अलग तरह के प्रोग्राम चलाए जा रहे हैं। फेसबुक लाइव से पहले मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर की तरफ से एक नियमित पोडकास्ट की शुरूआत भी की गई है



- सुबह 11 बजे से टॉक टू योर सीईओ पंजाब प्रोग्राम के साथ जुड़ने की अपील
- लाइव सैशन के दौरान मतदान सम्बन्धी सुझाव और शिकायतें भी दीं जा सकती हैं - सिबिन सी

जिसमें चुनाव प्रक्रियाओं के मुख्य पहलूओं, जैसे कि वोटर रजिस्ट्रेशन, वोटिंग प्रक्रियाएं और नागरिकों की वोटिंग में भागीदारी की महत्ता पर रौशनी डाली जाती है जिससे वोटर जागरूकता और लोगों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके। सिबिन सी ने बताया कि उनकी तरफ से फेसबुक पर के अधिकारित पेज पर लाइव होकर 19 अप्रैल दिन शुक्रवार को सुबह 11.00 बजे से 11.30 बजे तक लोक सभा मतदान से जुड़े लोगों के सवालों के जवाब दिए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति इस आधे घंटे के लाइव सैशन के दौरान उनको कूमैंट करके सवाल पूछने के इलावा अपनी शिकायतें और सुझाव भी दे सकता है। सवाल या सुझाव लाइव के दौरान भी पूछे जा सकते हैं या सुबह 11 बजे से पहले फेसबुक, इंस्टाग्राम या एक्स पर भी भेजे जा सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आगे बताया कि इस लाइव का मकसद मतदान के बारे लोगों की शंकाओं को दूर करना और उनको वोटिंग में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना है। सिबिन सी ने कहा उनके दफ़्तर द्वारा पहले ही सोशल मीडिया हैंडलों (फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और यूट्यूब) पर लोक सभा मतदान 2024 से सम्बन्धित हिदायतें और विवरणों को लगातार अप्पडेट किया जाता है और हाल में ही उनके दफ़्तर ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

# गुजारा भत्ता देने वाले बच्चों को भी बेदखल कर सकते हैं माता-पिता, कोर्ट ने बुजुर्ग की याचिका स्वीकारी



एजेंसी
चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि वृद्ध माता-पिता को मात्र गुजारा भत्ता देने का यह अर्थ नहीं है कि वृद्ध माता-पिता अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल नहीं कर सकते। हाईकोर्ट के जस्टिस विकास बहल ने होशियारपुर की 90 वर्षीय विधवा गुरदेव कौर की याचिका स्वीकार करते हुए ये आदेश पारित किए हैं। गुरदेव कौर को उसके ही बेटे ने घर से निकाल दिया था। जस्टिस बहल ने होशियारपुर के डिप्टी कमिश्नर को आदेश दिया है कि वे संबंधित मकान का कब्जा लेने के लिए एसएसपी की मदद लें और इसमें बाधा डालने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करें। एसएसपी को गुरदेव कौर को पूरी सहायता प्रदान करने के लिए भी कहा गया है। इस मामले में गुरदेव कौर ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और मांग की थी कि उसे जिला मजिस्ट्रेट होशियारपुर द्वारा 23 अगस्त, 2018 को पारित अंतिम आदेश के अनुसार उसके आवासीय मकान पर कब्जा, भरण-पोषण के बकाए के साथ सौंपने के निर्देश दिए जाएं। डीएम होशियारपुर की ओर से माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत पारित उक्त निर्णय को उसके बेटे ने हाई कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसे पांच अप्रैल, 2022 को खारिज कर दिया गया था। इसके बावजूद याचिकाकर्ता को उस रिहायशी मकान पर कब्जा नहीं दिया गया, जिस पर उसके बेटे ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।

## संक्षिप्त-समाचार

### अवैध शराब के साथ चार आरोपी किए गिरफ्तार



यमुनानगर। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जो इसी अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए जिला पुलिस की विभिन्न दो टीमों ने दो स्थानों से भारी मात्रा में शराब बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे के कार्रवाई शुरू की। थाना प्रबंधक रजत ने जानकारी देते हुए बताया कि लोक सभा इलेक्शन 2024 के सम्बन्ध में नाका नगली घाट पर नाकाबंदी की हुई है। नाके पर तैनात मुख्य सिपाही संतोष कुमार ने सुचना दी कि नाका नगली घाट पर जब वाहन चैक कर रहे थे तो उसी समय जठलाना गुमथला रोड की तरफ से एक गाडी नाका की तरफ आ रही थी। गाड़ी को जब रूकने का इशारा किया। सामने खड़ी पुलिस को देख कर चालक व उसका साथी गाडी को रोक कर भागने की कोशिश करने लगे। जिनको मौका पर काबू किया। पूछताश पर जिनकी पहचान चालक जसबीर सिंह पुत्र जगत सिंह वासी विपिन कलोनी नजदीक प्रकाश मेटल चौंक जगाधरी व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम बृजपाल उर्फ विजन पुत्र शीशपाल राजपूत वासी गांव टाबर थाना नक्कूड जिला सहारनपुर बताया। जब गाडी को चैक किया गया तो उसमें 101 पेटी शराब देसी (1212 बोतल) व 14 पेटी शराब (168 बोतल) अंग्रेजी मार्का ईमपीरीयल ब्लू बरामद हुई। जिस बारे दोनो को परमिट व लाईसेंस पेश करने बारे कहा गया जिन्होने शराब बारे कोई भी लाईसेंस व परमीट पेश नही किया। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इसी प्रकार अपराध शाखा - 2 की पुलिस टीम ने कैल गांव से एक कार से दो आरोपियों को अवैध देशी शराब के 720 पव्वे व 14 पेटी (168 बोतल) सहित गिरफ्तार किया। आरोपी बरामद शराब बारे कोई भी लाईसेंस व परमीट पेश नही कर सके। आरोपियों की पहचान गुरविंदर सिंह उर्फ लवली पुत्र प्रीतम सिंह निवासी विशाल नगर व हरजिंदर पुत्र राजकुमार निवासी श्रीनगर कॉलोनी जगाधरी के नाम से हुई। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### पंजाब की युवती से नौकरी का लालच देकर गैंगरेप करने के दो आरोपित जेल भेजे

जींद। जुलाना थाना पुलिस ने पंजाब की युवती को नौकरी दिलाने का झांसा देकर गैंगरेप करने के दो आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से अदालत ने उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पंजाब निवासी एक युवती ने गत 12 अप्रैल को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि चार-पांच दिन पहले उसकी जान पहचान गांव चांदी रोहतक निवासी बलवान से हुई। बलवान ने खुद को रसूखदार व्यक्ति बताया और नौकरी का झांसा दिया। देर शाम को बलवान ने फोन कर उसे जुलाना बुला लिया और वहां से गाड़ी में बैठा लिया। बलवान के साथ एक और व्यक्ति था। जुलाना पुराना बस अड्डे के निकट गाड़ी में दोनों उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसे बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। मध्यरात्रि तक उसे गाड़ी में बधक बना कर रखा गया। जिसके बाद आरोपित से गाड़ी से उतार कर फरार हो गए। जुलाना थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर बलवान को नामजद कर एक अन्य के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म करने, बंधक बनाने, धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर किया था। दूसरे व्यक्ति की पहचान गांव चांदी निवासी श्रीभगवान के रूप मे हुई। वीरवार को जुलाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया जहां से दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

### भाखड़ा नहर के पुल पर हुआ भयानक हादसा, पलों में उजड़ी परिवार की खुशियां

पटियाला। समाना की भाखड़ा नहर पटियाला पुल के पास एक्टिवा सवार पति-पत्नी धार्मिक स्थान से माथा टेककर वापस अपने गांव जा रहे थे, जहां उनके साथ बड़ा हादसा हो गया। भाखड़ा पुल पर पीछे से आ रहे ट्रक ने एक्टिवा सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पति को भी गंभीर चोटें लगी हैं। समाना सिटी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। आपको बता दें कि रविवार को भी इसी घग्गा रोड पर ट्रक यूनियन के पास एक मोटरसाइकिल सवार को टिप्पर ने टक्कर मार दी थी, जिसकी मौके पर मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना के बाद परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। इस सड़क पर रेहड़ियों और ट्रकों के खड़े होने के कारण लगातकार हादसे बढ़ रहे है। लोगों ने मांग की है कि सड़को पर खड़ी रेहड़ियों और ट्रकों को हटाया जाए ताकि हादसे रोके जा सकें।

### दसवीं की परीक्षा में जालंधर के 2 छात्रों ने मारी बाजी

नकोदर। पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड मोहाली द्वारा आज घोषित 10वीं कक्षा के परिणाम के अनुसार, गोर्मिंट गर्ल्स सरकारी सेकेंडरी समाट स्कूल नकोदर की छात्रा जेसिका पुत्री हरजीत कुमार ने 650 में से 641 अंक प्राप्त किए और 98.62 प्रतिशत अंकों से जहां जालंधर ने जिले में प्रथम स्थान ओर पंजाब मे 5 स्थान हासिल किया, वहीं अपने स्कूल और माता-पिता का नाम भी रोशन किया। इसी तरह से गोबिन्द सरवर सीनियर सैकेंडरी स्कूल बुलन्दपुरी साहब के छात्र बलराज सिंह ने भी 650 में 641 अंक हासिल किए हैं।

### राजनीतिज्ञों की कलाबाजियों से बंदर भी हैरान

लुधियाना। परमात्मा ने जब सृष्टि की रचना की थी, तो उसने कलाबाजियो में बंदर को निपुण बनाया। लेकिन वर्तमान में राजनीतिज्ञों द्वारा पार्टिया बदलने की कलाबाजियों को देखते हुए बंदर भी हैरान एवं परेशान है। लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही अलग-अलग पार्टी के राजनेताओं द्वारा दूसरी पार्टियों में जाने की एक होड़ सी मची हुई है। वफादारी का दम भरने वाले अनेक नेता अपनी पार्टी को अलविदा कह कर दूसरी पार्टी में चले गए, जिनकी भनक भी उनके विश्वसनीय साथियों को भी नहीं लगी। कई लोकसभा सीटों पर ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस पार्टी का मुकाबला पुराने कांग्रेसी कार्यकताओं से ही है। क्योंकि भाजपा,आम आदमी पार्टी, अकालियों से दल बदल कर आने वाले कांग्रेसी कार्यकताओं की संख्या अधिकतर है। शहर में यह भी चर्चा है कि जो चेहरा अपनी पार्टी का ना हुआ। वह जनता का प्रतिनिधि कैसे होगा।

### नशे से बर्बाद हुआ एक और घर, 28 वर्षीय युवक की मौत

फरीदकोट। फरीदकोट के हलका कोटकपुरा में 28 वर्षीय युवक की नशे के कारण दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान मनिंदर सिंह पुत्र गुरदेव सिंह के रूप में हुई है। मनिंदर सिंह के चाचा सरबजीत सिंह ने बताया कि उसके दोनों भतीजे नशे के दलदल में फंसे हुए है। आज मनिंदर सिंह की मौत हो गई है और उसका छोटा भाई भी नशे के दलदल में फंसा हुआ है। सरबजीत सिंह ने बताया कि मनिंदर की तबीयत ज्यादा खराब होने के बाद उसके फरीदकोट के गुरु गोबिंद सिंह मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया था। पैसे न होने के कारण वह इलाज नहीं करवा सके तो डॉक्टरों द्वारा कहा गया कि वह मनिंदर को घर ले जाएं और उसकी सेवा करें। जब वह मनिंदर को घर लेकर आए तो उसकी मौत हो गई। मृतक मनिंदर लकड़ी वाले आरे पर काम करता था और उसका छोटा भाई भी उसके साथ ही काम करता था। उनकी मां की पहले ही मौत हो चुकी है और पिता काफी बुजुर्ग हैं। परिवार द्वारा सरकार से मदद की गुहार लगाई गई है।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का
न्वोन्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक: सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# 4500 रुपए रिश्वत लेता सहायक सब इंस्पेक्टर विजीलैंस ब्यूरो द्वारा काबू

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम के अंतर्गत बुधवार को पुलिस थाना बस्ती जोधेवाल, कमिशनरेट लुधियाना में तैनात सहायक सब इंस्पेक्टर ( ए.एस.आई.) गुरप्रीत सिंह को 4500 रुपए रिश्वत लेने के दोष अधीन रंगे हाथों काबू किया।



इस संबंधी जानकारी देते हुए स्टेट विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि उक्त मुलाजीम को विजय कुमार निवासी काकोवाल रोड, लुधियाना की तरफ से दर्ज करवाई गई शिकायत के आधार पर गिरफ़्तार किया गया है।

प्रवक्ता ने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने विजीलैंस ब्यूरो के पास पहुँच करके दोष लगाया है कि उसकी तरफ से थानो में दर्ज करवाए पुलिस केस संबंधी अदालत में चालान पेश करने के बदले उक्त ए.एस. आई. ने और 4500 रुपए रिश्वत की माँग की है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि उक्त मुलजिम पहले भी किश्तों के रूप में उससे 20, 500 रुपए की रिश्वत ले चुका है और बाकी 4500 रुपए की और माँग कर रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि प्राथमिक जांच के बाद विजीलैंस ब्यूरो की टीम ने उक्त पुलिस मुलाजीम को दो सरकारी गवाहों की हाजिरी में शिकायतकर्ता से 4500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों काबू कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि इस सम्बन्ध में विजीलैंस ब्यूरो के थाना लुधियाना रेंज में पुलिस अधिकारी के विरुद्ध भ्रष्टाचार रोकथाम कानून के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि मुलजिमों को कल अदालत में पेश किया जायेगा और इस मामलो की आगे की जांच जारी है।

# सियाराम जय राम के जय घोष से गूंज उठा राजपुरा

सिटी दर्पण
राजपुरा

बुधवार श्री रामनवमी के विशेष मौके पर हरे कृष्ण मंदिर राजपुरा द्वारा श्री सनातन धर्म मंदिर राजपुरा के प्रांगण में एक बहुत ही बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता और कथाकार श्री अचिंत्य चैतन्य प्रभु जी, जो की हरे कृष्ण मंदिर में एक वरिष्ठ प्रचारक हैं पूरे पंजाब एवं देश-विदेश के अंदर भागवत वाणी का प्रचार एवं प्रसार कर रहे हैं।



जिन्होंने अपने अद्भुत राम कथा के द्वारा सभी को मोहित एवं भावुक कर दिया उन्होंने भगवान राम की जन्म एवं उनकी निगाहों का गुणगान किया प्रत्येक मनुष्य को अपने हृदय में भगवान राम को लेकर आना चाहिए यही उन्होंने मुख्य आहान किया। अचिंत्य जी पिछले दशहरे से ही देश-विदेश में भगवान राम के गुणगान एवं प्रचार कर रहे हैं कार्यक्रम में संस्था के प्रधान अनादी मधुसूदन प्रभु जी ने सभी भक्तों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। पूर्व विधायक हर दयाल कम्बोज, राजपुरा भाजपा हल्का इंचार्ज जगदीश कुमार जगा, समाज सेवी प्रवीण अनेजा एवं अन्य दूर-दूर से आए हुए महानुभावों का संस्था की तरफ से स्वागत किया गया।


नितिन खुराना ने बताया कि हरे कृष्ण मंदिर राजपुरा की संस्था पिछले 15 सालों से राजपुरा के लोगों की सेवा कर रही है भगवत प्रचार एवं भागवत रास्ते पर चलने की प्रेरणा देना ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है. उन्होंने बताया कि आज का कार्यक्रम की सबसे बडी उपलब्धि छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही सुंदर तरीके से रामलीला प्रस्तुत की।

उन्होंने बताया कि यह बच्चे राजपुरा के ही रहने वाले हैं और हरे कृष्ण मंदिर के द्वारा प्रत्येक रविवार को इन बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए एवं इनको असली खुशी देने के लिए एक संडे फन स्कूल संस्था के द्वारा चलाए जा रहे है। इस कार्यक्रम में इसके बाद भक्त अपने घरों से छप्पन भोग लेकर आए सभी के लिए पूर्ण मात्रा में प्रसादम वितरीत किया गया सभी ने नृत्य कीर्तन करने के साथ प्रभु राम की जय के जयकारे लगाए।

# मिल ही गया मासूम दिलराज को इंसाफ, आरोपियों ने मुंह में मिट्टी डाल दफनाया दिया था जिंदा

एजेंसी
चंडीगढ़

लुधियाना की कोर्ट ने अढ़ाई साल की बच्ची दिलरोज मर्डर केस में आरोपी महिला नीलम को फांसी की सजा सुना दी है। मामला 2021 का है, मृतक बच्ची के माता-पिता पिछली तीन तारीखों से लुधियाना कोर्ट के फैसले का इंतजार कर रहे थे, जो आज आ ही गया। जैसे ही कोर्ट ने फैसला सुनाया मृतक बच्ची का पूरिवार फूट-फूट कर रो पड़ा। चलिए, एक नजर डालते है पूरे घटनाक्रम परः-



28 नवंबर 2021 को शिमलापुरी इलाके में ढाई साल की मासूम नन्ही दिलरोज की पड़ोस में रहने वाली महिला ने निर्मम हत्या की थी, जिसने दिलरोज को चॉकलेट का झांसा देकर उसका अपहरण कर उसके मुंह में मिट्टी डाल जिंदा दफना दिया। मृतक बच्ची का पिता हरप्रीत सिंह पंजाब पुलिस में बतौर कांस्टेबल नौकरी करता है। उसका एक बेटा 5 साल का है और एक बेटी दिलरोज ढाई साल की थी। रविवार दोपहर दिल रोज अपने घर के बाहर खेल रही थी कि अचानक गायब हो गई। परिवार वालों ने बच्ची की कई जगह तलाश की मगर वह नहीं मिली तो उन्होंने सीसीटीवी कैमरे चेक किए।

पता चला कि दिल रोज को उनके पड़ोस की महिला नीलम अपने साथ स्कूटी से लेकर गई है। जब उन्होंने नीलम से जाकर पूछा तो उसने सही जवाब नहीं दिया, जिस पर परिजनों को शक हुआ। पुलिस ने जब कैमरे खंगाले और पूछताछ में नीलम ने कबूला कि वह ही बच्ची को स्कूटी पर बैठाकर सीधे सलेम टाबरी पहुंची थी, जहां एक खेत में बच्ची को जिंदा दफना दिया। ये सुनते ही आनन-फानन में नीलम को गाड़ी में बैठा कर पुलिस की टीम सीधे वहां पहुंची, जहां खुदाई कर बच्ची को बाहर निकाला और तुरंत उसे डीएमसी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसकी मौत हो चुकी थी।

महिला आरोपी नीलम तलाकशुदा थी और अपने 2 बच्चों के साथ अपने मायके परिवार के साथ ही रह रही थी। वह अक्सर इलाके में लोगों के साथ झगड़ा करती रहती थी। जिस कारण इलाका निवासी काफी परेशान थे। नीलम के परिवार वालों ने यह घर बेच दिया था और किसी अन्य जगह पर शिफ्ट होने वाले थे। रविवार को घर का आधा सामान शिफ्ट कर लिया गया और बाकी का सामान शिफ्ट होना था। हुआ यूं कि काफी समय पहले हरप्रीत और नीलम के बच्चों में भी झगड़ा हुआ था। उसके बाद हरप्रीत के परिवार और नीलम में काफी कहासुनी हुई थी मगर लोगों के बीच बचाव के कारण मामला शांत हो गया था। इसी बात की रंजिश नीलम अपने मन में रखे हुई थी, वह मौका देख रही थी कि हरप्रीत के परिवार को कैसे नुकसान पहुंचाया जा सके। बस मासूम दिलरोज को उसने अपना निशाना बना डाला।

# कबूतरों के साथ सेल्फी लेने के चक्कर में किशोर ने गंवाई जान

एजेंसी
अबोहर

पंजाब के अबोहर उपमंडल के तहत आते गांव शेरेवाला में पुरानी व जर्जर हालत वाली वाटर वर्क्स की टंकी पर बुधवार शाम गांव का ही एक 16 वर्षीय किशोर सेल्फी लेने चढ़ गया लेकिन अचानक जर्जर हालत में सीढ़ी टूटने से ऊपर से नीचे आ गिरा, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक अपने माता-पिता इकलौता बेटा था।



सरपंच संदीप भादू ने बताया कि बुधवार शाम करीब सात बजे कुलार निवासी अंकित वाटर वर्क्स के अंदर बनी पुरानी और जर्जर हाल हो चुकी पानी वाली टंकी के ऊपर कबूतरों के साथ सेल्फी लेने के लिए चढ़ गया। अचानक टंकी की सीढ़ियां टूटने के कारण वह नीचे गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई।

सरपंच ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासन व विभाग से मांग की हुई है कि वाटर वर्क्स की काफी जर्जर हो चुकी इस टंकी को तुड़वाया जाए लेकिन विभाग ने आज तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है।

# जालंधर की मशहूर मार्कीट में हंगामा, सड़कों पर उतरे लोग



सिटी दर्पण
जालंधर

शहर में पड़ती फगवाड़ा गेट मार्कीट के पास मोहल्ले में हंगामा होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि मोहल्ला वासियों द्वारा नगर निगम के खिलाफ जमकर रोष प्रदर्शन किया जा रहा है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि नगर निगम अधिकारियों की मिलीभगत से उनकी गली में दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। जिस संबंधी शिकायतें वह नगर निगम को पहले भी दे चुके हैं, लेकिन नगर निगम इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। मोहल्ले में दुकानें बनाने को लेकर हुए विरोध में महिलाएं भी शामिल थीं, जिन्होंने नगर निगम के खिलाफ की जमकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि वे इस इलाके में दुकानें नहीं बनने देंगे। लोगों का कहना है कि यह रिहायशी इलाका है और यहां पर दुकानों का निर्माण होने से उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। लोगों का कहना है कि यहां दुकानें बन गई तो उनकी गली का रास्ता बंद हो जाएगा। लोगों का कहना है कि अगर प्रशासन द्वारा जब तक इस संबंधी कोई एक्शन नहीं लिया जाता वे अपना धरना प्रदर्शन इसी तरह जारी रखेंगे।

चुनाव

## किसी एक चेहरे को लेकर नहीं बन पा रही है बात

# अकाली दल की लीडरशिप के लिए जालंधर हलके से उम्मीदवार की तलाश बनी चुनौती

एजेंसी
जालंधर

देश भर में हो रहे संसदीय चुनावों में पंजाब की लगभग हर बड़ी राजनीतिक पार्टी में नए रुझान बन रहे हैं। जालंधर संसदीय क्षेत्र में 2 प्रमुख पार्टियों के उम्मीदवार दलबदल के कारण टिकट पाने में सफल रहे। इसीलिए पवन टीनू को 'आप' का उम्मीदवार घोषित करने के साथ ही अकाली दल नेतृत्व की ओर से उपयुक्त उम्मीदवार की तलाश जारी है। जानकारी के अनुसार जिला व यूथ अकाली दल नेतृत्व ने पार्टी अध्यक्ष को अकाली पृष्ठभूमि व पंथक सोच वाले सिख चेहरे को उम्मीदवार के तौर पर आगे लाने की जानकारी दी है।



बसपा पृष्ठभूमि के एक उम्मीदवार डॉ. सुक्खी बसपा से समझौते के बावजूद उपचुनाव हार गए थे। बसपा पृष्ठभूमि के कारण अकाली दल का साथ छूट गया और स्थानीय नेतृत्व बसपा पृष्ठभूमि के किसी अन्य पूर्व विधायक को संसदीय चुनाव में आगे लाने पर भी सहमत नहीं हुए। जिला अकाली नेतृत्व का तर्क है कि अगर अकाली हाईकमान पंथक मुद्दे पर उतर आया है तो उसे अकाली विरासत वाले उम्मीदवार को आगे लाना चाहिए, जिससे शिरोमणि कमेटी और विधानसभा चुनाव के लिए अच्छी जमीन तैयार होगी। इसी वजह से कुछ दिनों से अकाली हलकों में जालंधर हलके से सरबण सिंह फिल्लौर, प्रो. हरबंस सिंह बोलीना और पूर्व एस.एस.पी. हरमोहन सिंह संधू के नामों की चर्चा हो रही है।

अकाली दल इस बार अढ़ाई दशक बाद बिना किसी राजनीतिक गठबंधन के चुनाव मैदान में है। किसानी मोर्चे के दौरान अकाली-भाजपा गठबंधन के रिश्ते दोबारा नहीं जुड़े। बसपा से कई बार राजनीतिक गठबंधन बना और टूट गया। इस बार चूंकि बी.एस.पी. ने अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है, इसलिए अकाली दल को दलित वोटों का बड़ा हिस्सा खोना पड़ सकता है। इस अंतर को भरने के लिए अकाली दल के लिए सांप्रदायिक वोटों की ओर लौटना जरूरी है, जो कि कई मुद्दों पर अकाली नेतृत्व से नाराज है। किसान वोट भी ज्यादातर सिख चेहरे की ओर लौटेगा।

सरबण सिंह फिल्लौर अकाली राजनीति में वरिष्ठ नेता हैं और पंजाब सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। प्रोफैसर हरबंस सिंह बोलीना एक ऐसे पंथक परिवार से हैं जो एक सदी से अकाली दल से जुड़ा हुए हैं। धार्मिक और राजनीतिक मामलों की गहरी समझ रखने वाले प्रो. बोलीना ने शिरोमणि कमेटी और अकाली दल के राजनीतिक सलाहकार के रूप में यादगार ऐतिहासिक सेवाएं निभाईं। पूर्व पुलिस अधिकारी हरमोहन सिंह संधू अकाली विरासत वाले परिवार से हैं। उनके पिता अजायब सिंह संधू विधानसभा में विपक्ष के नेता थे और उनकी मां कैबिनेट मंत्री रही हैं।

# कांग्रेस ने गरीब का इस्तेमाल किया, कांग्रेस राज में गरीब और गरीब होता गया : नायब सिंह सैनी

## कहा- मोदी की गरीब कल्याण की योजनाओं के कारण 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग आये गरीबी से बाहर

सिटी दर्पण
फरीदाबाद,

हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने पृथला में कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीबों का इस्तेमाल किया है। कांग्रेस को गरीब की परवाह ना पहले थी और ना ही अब है। कांग्रेस ने तो गरीब को और गरीब करने का ही काम किया है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गाँधी ने 1970 में गरीबी हटाने का वादा किया, राहुल ने पिछली बार राजस्थान में गरीबी हटाने का झूठ बोला और और आज फिर गरीबी हटाने का झूठ बोल रहे हैं। 55-60 सालों के राज में कांग्रेस को कभी भी गरीब की परवाह नहीं थी, कांग्रेस ने सत्ता के लिए हमेशा गरीब का इस्तेमाल किया। श्री सैनी ने कहा कि मोदी को गरीब के हित की चिंता है, इसलिए मोदी जी गरीब के चेहरों पर मुस्कान लाने का कार्य कर रहे हैं। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को मजबूत कर गरीबी रेखा से बाहर किया है। फरीदाबाद की पृथला विधानसभा में भाजपा उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर के समर्थन में विजय संकल्प रैली की संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 सालों में हरियाणा का ऐसा कोई कोना नहीं है, जहां विकास नहीं हुआ हो। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई जिला भी नहीं बचा जिसमें 4 लेन रोड लोगों के रास्तों को सुगम ना बनाती हो। उन्होंने कहा कि पहले दिल्ली से पृथला आने में चार-चार घंटे लग जाते थे, आज मात्र 20 मिनट में मैं खुद पृथला पहुंच गया, यह कमाल अगर हुआ है तो नरेंद्र मोदी और डबल इंजन की सरकार में हुआ है।



नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी पिछले दिनों 2 बार हरियाणा आये और उन्होंने ऐम्स और द्वारका एक्सप्रेस की 2 बड़ी सौगातें हरियाणा को दी। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने पिछले साल ही फरीदाबाद में माता आनंदमयी हॉस्पिटल का उद्घाटन भी किया था ताकि लोगों को उचित स्वास्थ्य सुविधा मिल सके और समय पर इलाज हो सके। श्री सैनी ने कहा कि 10 वर्षों में इतने काम हुए हैं कि गिनवाने लगे तो समय कम पड़ जाएगा। पीएम मोदी ने देश की समस्याओं का समाधान करते हुए धारा-370 हटाई। मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम लला भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए।

कांग्रेस को निशाना पर लेते हुए सीएम सैनी ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र झूठ का पुलिंदा है। कांग्रेस इस समय मोदी सरकार द्वारा किए गए विकास को देखकर बौखलाई हुई है। देश और प्रदेश की जनता को ना कांग्रेस पर विश्वास है और ना ही कांग्रेस के घोषणा पत्र पर है। श्री सैनी ने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि 25 मई को जनता जनार्दन मोदी की गारंटी पर वोट करते हुए कमल का बटन दबाएगी। श्री सैनी ने कहा कि मोदी ने 2029 तक 80 करोड़ लोगों को लगातार राशन देने की गारंटी दी है। सूर्य योजना के माध्यम से जीरो बिजली का बिल, आयुष्मान कार्ड योजना में 5 लाख का निशुल्क इलाज का अधिकार और अब बुजुर्गों को आयुष्मान कार्ड से जोड़कर दिया है। नायब सैनी ने कहा कि एक देश में एक चुनाव और यूनिफॉर्म सिविल कोड को लागू करने का काम भी मोदी सरकार ही करेगी।

नायब सैनी ने कहा कि घमंडिया गठबंधन में बौखलाहट है। अब कांग्रेस भी मानने लगी है कि मोदी जी की गारंटी 100 प्रतिशत पूरी होगी। श्री सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी किसानों की चिंता नहीं की। किसानों को कांग्रेस ने सिर्फ बरगलाने का काम किया है। जबकि मोदी सरकार किसान हित की सरकार है। मोदी जी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बनाकर 1100 करोड़ रूपया फसल खराब होने पर देने का काम किया है, कांग्रेस के समय में पहले दो-दो रुपए और 10-10 रुनये के चेक किसानों को मिलते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने 12500 करोड़ रूपए फसल योजना बीमा के माध्यम से दिए हैं।

### मोदी के नेतृत्व में जनता सुरक्षित

फरीदाबाद लोक सभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार तथा केंद्र सरकार में राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि जब से देश की बागडोर मोदी जी के हाथ में सौंपी है और मुझे संसद में भेजा है इन 10 सालों में देश में इनता विकास किया है कि देश और फरीदाबाद का नक्शा बदल गया है। 10 साल पहले फरीदाबाद में सड़कों की हालत खराब थी। 2014 के बाद मोदी जी, मनोहरलाल जी और नायब सिंह जी के आशीर्वाद से हमने नए-नए हाईवे बनाने का काम किया। मथुरा रोड को दिल्ली बॉर्डर से पलवल होडल तक जाम मुक्त करने का काम डबल इंजन की सरकार ने किया, पलवल में पुल बनवाया। भाजपा सरकार की उपलब्धियों को गिनवाते हुए श्री गुर्जर ने कहा कि दिल्ली फरीदाबाद वडोदरा मुंबई एक्सप्रेस वे का निर्माण करवाया। जेवर एयरपोर्ट तक जाने के लिए 1600 करोड़ की लागत से जेवर एक्सप्रेसवे बनाया जायेगा, उसकी पूरी प्लानिंग हो चुकी है। फरीदाबाद, नोएड़ा, गाजियाबाद हाईवे का काम चल रहा है। इसके बनने के बाद नोएड़ा 8 मिनट और गाजियाबाद 25 मिनट में पंहुच सकेंगे। उन्होंने कहा कि 262 करोड़ की लागत से फरीदाबाद रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। 350 करोड़ की लागत से फाटक फ्री करेंगे। दुधौला में 1000 करोड़ की लागत से स्किल यूनिवर्सिटी बनाई, हर साल हमारे 15000 बच्चों को स्किल्ड किया जाता है। श्री गुर्जर ने कहा कि 24 घंटे लाइट देने का काम भाजपा की डबल इंजन सरकार ने किया। गरीब की चिंता करने की बात हो, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सदैव अग्रणी रहते हैं। गरीब के लिए 4 करोड़ पक्के आवास, 11 करोड़ शौचालय, 11 करोड़ से ज्यादा उज्ज्वला योजना के माध्यम से बहनों को गैस सिलिंडर, आयुष्मान योजना से 5 लाख का निशुल्क मेडिकल बीमा, 80 करोड़ से ज्यादा कोगों को अनाज जैसे अनेक कल्याणकारी प्रयास, मोदी जी हर क्षेत्र में देश के गरीब नागरिकों को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं।

### भाजपा सरकार ने पृथला के हर क्षेत्र का किया विकास : नयन पाल रावत

पृथला के विधायक नयन पाल रावत ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जो विकास से अछूता रहा हो। एक तरफ देश भक्तों की पार्टी भारतीय जनता पार्टी और एक तरफ भ्रष्टाचार करने वाली कांग्रेस पार्टी है। उन्होंने कहा कि देश की तरक्की के लिए प्रधानमंत्री मोदी जरूरी है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि कृष्णपाल गुर्जर को इस बार 10 लाख से अधिक वोटों से जीताकर मोदी के पास भेजना है। चन्द्र भाटिया के सुपुत्र रोहित भाटिया ने आज यहां भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने उन्हें पटका पहनाकर भाजपा में शामिल किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, विधायक नयनपाल रावत, राजेश नागर, नरेन्द्र गुप्ता, दीपक मंगला, जिला अध्यक्ष राजकुमार वोहरा एवं चरण सिंह तेवतिया, लोकसभा संयोजक अजय गौड़, पूर्व जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सोहनपाल सिंह, जिला परिषद् के चेयरमेन विजय लोहिया, उप चेयरमेन धर्म चौधरी, पूर्व जिला महामंत्री मनोज वशिष्ठ, सुरेन्द्र जांगड़ा, जिला उपाध्यक्ष वजीर सिंह डागर, सुखबीर मलेरना, जिला सचिव सुनीता बघेल, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष बलदेव अलावलपुर, प्रवक्ता बिजेन्द्र नेहरा, दीपक डागर, चेयरमेन हुकम सिंह भाटी, विनोद भाटी, कुलबीर देशवाल, मंडल अध्यक्ष हरीश धनखड़, पवन चौधरी, भूपेन्द्र रावत, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष राजू ठाकुर, पवन रावत, शोभित अरोड़ा, राजबाला सरधाना, मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता सीमा भरद्वाज, लखमी चन्द भरद्वाज और भाजपा कार्यकर्ता, गांवों के सरपंच, और इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अधिकारियों ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

सिटी दर्पण
करनाल



भागे हुए जोड़ों और लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में सुश्री जसबीर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन, करनाल स्थित सेफ हाउस का दौरा किया ताकी जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों द्वारा सामना की जाने वाली शिकायतों को दूर करना था ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने बताया कि सेफ हाउस में कुल 12 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विवाहित जोड़ों को केवल एक ही कमरा आवंटित किया गया था। कमरे में कोई पार्टीशन नहीं है। जोड़ों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई। उन्हें सूचित किया गया कि जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं। सेफ हाउस में भोजन की लागत जोड़ों से ली जाती है। कपल्स को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। सेफ हाउस के इंचार्ज को परिसर को साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें आस-पास साफ-सफाई रखने की समझाइश दी।

## करनाल को पूरी तरह मलेरिया मुक्त बनाने के लिए मिलकर काम करें सरकारी विभाग, सफाई का रखें विशेष ख्याल: अनुभव मेहता

सिटी दर्पण
करनाल



एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि जिले को पूरी तरह मलेरिया मुक्त बनाने के लिए सभी सरकारी विभाग मिलकर कार्य करें। विभाग अपने स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को साफ-सफाई व जिन भी स्थानों पर पानी इक्ट्ठा होता है, वहां विशेष ध्यान देने के लिए जागरूक करें। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग, शहरी स्थानीय विभाग और पंचायत विभाग अपने-अपने क्षेत्र में फॉगिंग करवाएं। एसडीएम वीरवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक में बोल रहे थे।

एसडीएम ने डीडीपीओ और सभी बीडीपीओ को निर्देश दिए कि उनकी टीम गांवों में जाकर समय-समय पर जांच करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष मलेरिया के केस में निरंतर कमी आ रही है। मलेरिया को कंट्रोल करने के लिए हमें और बेहतर प्रयास करने हैं और जिले को मलेरिया मुक्त बनाना है। उन्होंने शहरी स्थानीय विभाग को निर्देश दिए कि जहां-जहां कचरा फेंका जा रहा है, वहां पर विशेष ध्यान दिया जाए, यदि कोई जल भराव की स्थिति है तो उसकी साफ-सफाई समय पर करवाई जाए ताकि मच्छर न पनप सके।

एसडीएम ने कहा कि हैल्थ, शहरी स्थानीय और पंचायत विभाग अपनी सभी फॉगिंग मशीनों की जांच करें, यदि किसी मशीन में कोई कमी है तो उसकी समय पर मरम्मत करवाई जाए। उन्होंने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निर्देश दिए की शहर में जहां-जहां पाईप व टैप आदि से पानी की लीकेज की समस्या है, उसे दुरुस्त किया जाए। इसके साथ-साथ पब्लिक टॉयलेट की साफ-सफाई का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। उन्होंने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि स्कूलों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दे। इसके अतिरिक्त स्कूल में ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाई जाए। परिवहन विभाग वर्कशॉप आदि में पुराने टायरों व सामान आदि में पानी इकट्ठा न होने दे, ताकि मलेरिया का मच्छर न पैदा हो सके।

एसडीएम ने स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया के प्रभाव को कम करने और आमजन की जिंदगी को मलेरिया से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने तथा लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त-समाचार

### स्पैशल सैल की टीम ने घर में चोरी के करने के मामले में एक आरोपी को किया गिरफ्तार




यमुनानगर। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पैशल सैल की टीम ने घर में चोरी के करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी एक महीने पहले ही चोरी के मामले में जेल से जमानत पर बाहर आया था। आरोपी से चोरी का सामान बरामद किया गया। आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंचार्ज राजेश राणा ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक चोरी की फिराक में सैक्टर - 18 टाउन पार्क पर घूम रहा है। इस सूचना के आधार पर एएसआई उमेश, राजू राणा, सुरेंद्र, कुलदीप की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में जिसकी पहचान उतर प्रदेश के श्रावस्ती के मोहन पुर निवासी कृष्ण उर्फ अमना पुत्र बबलू सिंह के नाम से हुई। आरोपी चोपडा गार्डन में किराये के मकान में रहता है। आरोपी ने 14 अप्रैल को बैक कालोनी में घर से सामान व जेवरात चोरी किये। आरोपी ने वारदात का खुल्लासा हुआ है।

### पुलिस टीम ने दो मोबाइल स्नेचेरों को किया गिरफ्तार, छीना मोबाइल बरामद



यमुनानगर। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि थाना सदर जगाधरी की पुलिस टीम ने दो मोबाइल स्नेचेरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से छीना गया मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रबंधक अनंत राम ने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया मानक पुर निवासी मनोज कुमार पुत्र डोमन राय ने शिकायत दर्ज करवाई कि इंडस्ट्री एरिया मानक पुर में लेबर का काम करता है। दिनांक 16 अप्रैल को वह खाना खाकर अपनी कंपनी के बाहर टहल रहा था। तभी अचानक से बाइक पर सवार होकर दो यूवक आ गए। उन्होंने बाइक मेरे पास रोककर मेरे को पड़कर मेरी जेब से मेरा मोबाइल छीन कर भाग गए। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए एएसआई परमिंदर सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। इस पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए दो युवको को गिरफ्तार किया। पूछताछ में जिनकी पहचान गांव तेलीपुरा निवासी उस्मान पुत्र इरशाद अली व विजय उर्फ गंजा पुत्र नरेश कुमार के नाम से हुई। आरोपियों से छीना गया मोबाइल बरामद किया गया। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## नए बस स्टैंड रोड से अवैध खोखो व रेहड़ियों को हटाया

सिटी दर्पण
करनाल



शहर की मुख्य सडकों से अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर नगर निगम की सफाई शाखा के प्रवर्तन दल द्वारा गुरूवार को पुनः अभियान चलाया गया। इस दौरान पुरानी सब्जी मंडी स्थल पर लगी करीब दो दर्जन रेहड़ियों को कर्ण (मुगल) कैनाल स्थित अस्थाई मंडी भेजा गया। इसके अतिरिक्त सब्जी मंडी रोड पर खड़ी रेहड़ियों को भी अस्थाई मंडी में भेजा गया तथा सभी रेहड़ी संचालकों को सख्त चेतावनी दी कि इस स्थान पर कोई रेहड़ी नहीं लगाई जाएगी।

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने कार्रवाई की जानकारी देते बताया कि निगम की ओर से पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में लगने वाली तमाम रेहड़ियों को कर्ण कैनाल स्थित अस्थाई मंडी में शिफ्ट करवाया गया था। परंतु फिर भी कुछ रेहड़ी संचालक दोबारा इस स्थान पर अपनी रेहड़ियों को लगा रहे थे, जिसे लेकर कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि सभी रेहड़ी संचालकों को चेताया गया है कि दोबारा पुरानी सब्जी मंडी क्षेत्र में रेहड़ी लगाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रवर्तन दल रोजाना यहां का दौरा करेगा। अगर कोई रेहड़ी दोबारा लगी मिली, तो उसे सामान सहित कब्जे में लिया जाएगा और जुमार्ना भी लगाया जाएगा, जो 500 रुपये से 5 हजार रुपये तक का हो सकता है।

इसके अतिरिक्त प्रवर्तन दल ने बलड़ी बाईपास चौक से इन्द्री रोड स्थित नए बस स्टैण्ड को जाने वाले रास्ते पर अवैध रूप से लगाए गए खोखे और रेहड़ियों को भी हटाया। इस दौरान करीब 35 खोखे व रेहड़ियों को हटाया गया है। कार्रवाई के दौरान सभी को चेतावनी दी गई है कि कोई भी दोबारा इस स्थान पर खोखा या रेहड़ी इत्यादि को लगाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

निगमायुक्त ने सभी रेहड़ी संचालकों से पुनः अपील की है कि वे शहर में यातायात व सफाई व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि वे अपनी मनमर्जी से कहीं भी सड़क पर रेहड़ी या खोखा इत्यादि न लगाएं, जिससे यातायात बाधित हो।

## सीएम से की निडानी और ललितखेड़ा के ग्रामीण मिले मुख्यमंत्री से

सिटी दर्पण
जींद



गांव निडाना और ललितखेड़ा के ग्रामीण मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिले। ग्रामीणों ने दोनों गांवों को जुलाना की बजाय जींद उपमंडल में ही रखने की मांग की। सीएम ने ग्रामीणों को दो दिन में ही समस्या का समाधान करने और सकारात्मक परिणाम का आश्वासन दिया है। उधर नेशनल हाईवे 152डी के फ्लाईओवर के नीचे वीरवार को भी ग्रामीणों का धरना जारी रहा। यहां धरने पर जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा पहुंचे और उनकी मांग का जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। सीएम से मुलाकात के बाद लौटे निडाना के नंबरदार अनिल कुमार, डा. ईश्वर सिंह, राजपाल सिंह, ललितखेड़ा निवासी टेकराम मलिक, जिले सिंह, महीपाल, फूलकुमार, बलवान, राममेहर मलिक ने बताया कि उन्हें उम्मीद है कि दो से तीन दिन में उनकी समस्या का समाधान करते हुए ललितखेड़ा और निडाना को जींद उपमंडल में ही रखने का नोटिफिकेशन जारी हो जाएगा।

उन्होंने बताया कि पिछले पांच माह से दोनों गांवों के लोग कभी डीसी तो कभी विधायक अमरजीत ढांडा और कभी उच्चाधिकारियों के पास चक्कर लगा रहे हैं ताकि उनके गांवों को जींद उपमंडल में ही रखा जाए। जुलाना उपमंडल में जोड़े जाने के बाद उन्हें तहसील से संबंधित कामों के लिए जुलाना जाना पड़ेगा।

जिसकी दूरी भी उनके गांवों से ज्यादा है तो रास्ता भी सीधे नहीं है। ग्रामीणों को जुलाना जाने के लिए पहले जींद आना पड़ेगा, इसके बाद जींद से रोहतक की बस में जुलाना जाना पड़ेगा। इससे उनका समय भी ज्यादा लगेगा और रुपये भी ज्यादा लगेंगे। जींद के लिए उन्हें गांव से ही सीधे आटो और बस सर्विस मिल जाती है। जिन लोगों के पास खुद का वाहन नही है, उन्हें सबसे ज्यादा परेशानी झेलनी पड़ेगी। इसलिए ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए निडाना व ललितखेड़ा को जींद तहसील में ही रहने दिया जाए, जुलाना में शामिल नहीं किया जाए।

## पूर्व सरकारों ने जनता का किया शोषण भाजपा ने दोगुनी की आय : अमरनाथ



सिटी दर्पण
करनाल

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य एवं भाजपा नेता अमरनाथ सौदा ने कहा कि भाजपा सरकार की हर नीति जनहितैषी है। भाजपा सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है, लोगों को ऑनलाइन तरीके से योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। सरकार का प्रयास रहा है कि केंद्र और प्रदेश की योजनाओं का लाभ आखिरी छोर पर बैठे व्यक्ति तक मिले। अमरनाथ सौदा भाजपा कार्यालय में कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। देश और प्रदेश में जिस गति से जनता के काम हुए हैं वह पिछले दशकों से रूके पड़े थे। भाजपा सरकार ने जनता की वर्षो पुरानी समस्याओं को जड़ से समाप्त किया है। जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा विश्वास करती है और मोदी जी अपने हर वादे को पूरा करते हैं।

अमरनाथ सौदा ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी वर्ग के लोगों का भला करने में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जनहित में बनाई गई नीतियों का लाभ देश व प्रदेश की जनता पूर्ण रूप से उठा रही है।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार ने किसानों का भला करने का काम किया है ताकि किसान खुश रह सकें। भाजपा से पूर्व में रही सरकारों ने किसानों का शोषण किया है जबकि भाजपा ने किसानों की आय दोगुनी करने का काम किया है।

वर्चस्व

### सैंकड़ों लोगों ने कैबिनेट मंत्री कंवरपाल व बंतो कटारिया का किया जोरदार स्वागत

# जगाधरी विधानसभा के घाढ़ क्षेत्र में दिखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रभाव

सिटी दर्पण
जगाधरी

हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनावों को लेकर वह जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में अंबाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के साथ लगातार जनसंपर्क में लगे हुए हैं, इसी कड़ी में घाढ़ क्षेत्र के गांव के गांव ताहरपुर कलां, कोट, जाटोंवाला, डारपुर, इब्राहिमपुर आदि में पहुंचने पर सैंकड़ों लोगों ने रोड शो के माध्यम से अपने उपस्थिति दर्ज कराई व आयोजित जनसभाओं में उमड़े जनसैलाब ने यह साबित कर दिया कि जगाधरी क्षेत्र के घाढ़ क्षेत्र की राजनीति में क्रांतिकारी बदलाव आ रहा है।

विपक्षी राजनीतिक पार्टी के लोगों ने घाढ़ क्षेत्र के लोगों को जात-पात धर्म के आधार पर बांटने की राजनीति कर रखी थी परंतु घाढ़ क्षेत्र में हो रहे भाजपा के कार्यक्रमों में अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय सहित सर्व समाज के लोग भारी संख्या में शिरकत कर रहे हैं जो कि इस बात का प्रमाण है कि इस बार देश में पुनः भाजपा की सरकार बनने जा रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश की बागडोर प्रधानमंत्री के रुप में संभालेंगे ,घाढ़ क्षेत्र के अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय ने कारो ,ट्रैक्टरों व मोटरसाइकिलों के माध्यम से कृषि मंत्री कंवरपाल व अम्बाला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया का जोरदार भव्य स्वागत किया जिससे सारे इलाके में यह चर्चा का विषय बन गया कि घाढ क्षेत्र की राजनीतिक में आया यह बदलाव लोकसभा चुनाव के साथ-साथ आगामी विधानसभा चुनाव में भी भाजपा के पक्ष में सकारात्मक माहौल बनाने जा रहा है।



कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि विपक्षी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने घाढ़ क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य नहीं करवाया ,सभी के सभी विकास कार्य वर्ष 2014 के बाद भाजपा सरकार ने करवाए हैं, लोगों में इस बात की खुशी है कि भाजपा सरकार ने बिना भेदभाव के घाढ़ क्षेत्र को आगे बढ़ाने का कार्य किया है, इस क्षेत्र में आ रही खुशहाली इस बात का संकेत देती है कि घाढ़ क्षेत्र के अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय सहित सर्व समाज के लोग पीएम नरेन्द्र मोदी भाजपा सरकार के पक्ष में आ चुके हैं, कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि वह चौधर की राजनीति नहीं करते ,वह विकास की राजनीति करते हैं और सेवक बनकर ही जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के जनता की सेवा कर रहे हैं, पीएम मोदी की जीत की हैट्रिक में अंबाला लोकसभा क्षेत्र की उपस्थिति जोरदार तरीके से दर्ज होगी। कृषि मंत्री कंवरपाल ने कहा कि किसान भाइयों की गेहूं ,धान, सरसों, गन्ना ,बाजारा सहित 14 फसलों की खरीद हरियाणा भाजपा सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर की जा रही है, और खरीद का भुगतान सीधे किसान भाइयों के बैंक खाते में किया जा रहा है।

अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया ने कहा की भाजपा सरकार ने सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के सिद्धांत पर चलते हुए हरियाणा एक हरियाणवी एक सिद्धांत को मानते हुए अंतोदय के सिद्धांत पर चलते हुए पूरे हरियाणा प्रदेश में एक समान विकास कार्य करवाए हैं, जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में वर्तमान में कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने जितने विकास कार्य करवा दिए हैं आज तक किसी भी विपक्षी विधायक ने विकास कार्य नहीं करवाए हैं, लोगों को विकास के आधार पर मतदान करना चाहिए और सबसे ज्यादा विकास कार्य बीजेपी सरकार ने करवाए हैं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का डंका पूरे विश्व में बज रहा है ,आज हर देश भारत देश के साथ मित्रता करना चाहता है तो इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।


## संपादकीय

# मानसून



भारत में 2023 में मॉनसून के दौरान बारिश के सामान्य से 5.6 फीसदी कम रहने के बाद इस वर्ष बारिश का स्तर अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो चुका है। अच्छी बात यह है कि मौसम विभाग के मॉनसून पूवार्नुमान में बारिश को लेकर सकारात्मक बात कही गई है। अनुमान है कि 2024 में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून सामान्य से बेहतर रहेगा। इसके दीर्घावधि के औसत के 106 फीसदी रहने का अनुमान है। अल नीनो कमजोर पड़ रहा है और ला नीना में सुधार हो रहा है। यह भी भारतीय उपमहाद्वीप में मजबूत मॉनसूनी बारिश की एक वजह होगी। इसके साथ ही हिंद महासागर में सकारात्मक डायपोल स्थिति (एक जलवायु रुझान) और उत्तरी गोलार्द्ध के ऊपर सामान्य से कम हिमाच्छादित क्षेत्र भी बारिश के अनुकूल रहेगा। हालांकि बारिश का वितरण एक समान होने की उम्मीद नहीं है। पूर्वोत्तर, पश्चिमोत्तर और पूर्वी क्षेत्र के कुछ इलाकों में सामान्य से कम बारिश हो सकती है। दक्षिण पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली बारिश खरीफ की फसलों के उत्पादन के लिए महत्त्वपूर्ण है। सिंचाई सुविधाओं में सुधार के बावजूद यह इस फसल का अहम कारक है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने सकल घरेलू उत्पाद के जो दूसरे अग्रिम अनुमान पेश किए उनके मुताबिक खेती तथा उससे संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि 2023-24 में 0.7 फीसदी के स्तर पर रह सकती है जबकि पिछले वर्ष यह 4.1 फीसदी थी। पिछले साल अनियमित मॉनसून और अल नीनो प्रभाव के कारण इसमें आश्चर्यचकित करने वाली कोई बात नहीं है। बारिश के अनियमित रुझान और सूखे जैसे हालात सामान्य फसल उत्पादन चक्र को प्रभावित कर सकते हैं और नए कीटों तथा पौधों की नई बीमारियों को बढ़ावा दे सकते हैं। इसके विपरीत अच्छी बारिश से फसल उत्पादन और कृषि उत्पादकता दोनों में इजाफा हो सकता है। सालाना बारिश और कृषि के सकल मूल्यवर्द्धन में इजाफे के बीच स्थापित संबंध है। अच्छा मॉनसून रबी की फसल को भी फायदा पहुंचाता है क्योंकि इससे नमी बढ़ती है और जलाशयों में जल स्तर बेहतर होता है। उच्च कृषि उत्पादकता खाद्य कीमतों को सीमित दायरे में रखने में मदद करती है। पिछले कुछ समय के दौरान इसने समग्र मुद्रास्फीति को ऊंचे स्तर पर रखा है। यह ऐसे समय में हुआ है जबकि कोर मुद्रास्फीति की दर 4 फीसदी से भी कम रही है। कृषि संभावनाओं में सुधार समग्र वृद्धि को भी मदद पहुंचाएगा। इसमें उच्च उत्पादन और ग्रामीण मांग में इजाफा दोनों का योगदान होगा। उच्च उत्पादन और कम खाद्य मुद्रास्फीति भी सरकार को खाद्य उत्पादों पर से निर्यात प्रतिबंध कम करने में मदद करेगी। बार-बार निर्यात पर प्रतिबंध लगाने से कृषि जिंसों के वैश्विक आपूर्तिकर्ता के रूप में हमारी विश्वसनीयता प्रभावित होगी। बहरहाल, औसत से बेहतर बारिश के अनुमान के चलते हमारे नीति निमार्ताओं का ध्यान उन दीर्घकालिक चुनौतियों से नहीं हटना चाहिए जो जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न हो रही हैं। अतिरंजित मौसम की घटनाएं बढ़ रही हैं। वर्ष 2023 में 365 दिनों में से 318 दिन अतिरंजित मौसम की घटनाएं घटीं। इससे 22.1 करोड़ हेक्टेयर कृषि रकबा प्रभावित हुआ, कई जानें गईं और संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा। यदि इसके लिए कोई बहुमुखी नीति नहीं अपनाई गई तो ऐसी घटनाओं का असर बढ़ेगा। लू के थपेड़ों और बाढ़ की घटनाओं का असर केवल कृषि क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह आमतौर पर भी उत्पादकता और जनजीवन को प्रभावित करता है। गत वर्ष कमजोर मॉनसून के कारण जलाशयों में जलस्तर 2022 के स्तर से भी 19 फीसदी नीचे चला गया। यह 10 वर्ष के औसत स्तर से 8 फीसदी नीचे रहा। केंद्रीय जल आयोग के आंकड़े बताते हैं कि देश के आधे बड़े जलाशयों में मौजूदा जल स्तर उनकी क्षमता के 40 फीसदी से भी कम है। ऐसे में इस वर्ष बेहतर मॉनसून का पूरा फायदा उठाया जाना चाहिए जिससे कि भूजल का स्तर बेहतर बने और देश के प्रमुख जलाशयों में पानी रहे। बहरहाल दीर्घकालिक नीति का ध्यान इस बात पर होना चाहिए कि कैसे अधिक पानी बचाया जाए और कृषि क्षेत्र में पानी का इस्तेमाल कम किया जाए। हमारे जल संसाधन का अधिकांश हिस्सा कृषि में ही इस्तेमाल होता है।

## आज का राशिफल


**मेष:** मित्रों के परामर्श पर गम्भीरता से ध्यान दें। सन्तान को लेकर कुछ परेशानी होने की आशंका है। गृह निर्माण के कार्य तेजी से पूर्ण होंगे। प्रेम सम्बन्धी मामलों में निराशा हाथ लग सकती है। कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान प्राप्त होगा।


**वृषभ:** इस समय नया कार्य शुरू करना उचित नहीं है। एसिडिटी के कारण पेट व सीने में जलन की समस्या हो सकती है। योग और प्राणायाम करना उत्तम होगा। निजी रिश्तों को लेकर गम्भीर रहें। काम न बनने के कारण मन निराश हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी महसूस कर सकते हैं।


**मिथुन:** विदेश में शिक्षा ले रहे विद्यार्थियों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रिलेशनशिप के मामलों में भाग्यशाली रहेंगे। आज आप कुछ दिनों की छुट्टियों को लेकर योजना बना सकते हैं। ऑनलाइन कारोबार में बड़ा लाभ मिल सकता है। लोग आपके ऊपर काफी निर्भर हो सकते हैं।


**कर्क:** व्यर्थ की गतिविधियों में समय नष्ट न करें। महत्वपूर्ण अवसर आपकी प्रतीक्षा कर रहे हैं, इसीलिये लापरवाही से बचें। कमीशन से जुड़े मामलों के लिये दिन बहुत अच्छा है। अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन लेना लाभकारी होगा। बड़े भाई-बहनों को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं।


**सिंह:** आपकी कार्य-कुशलता में वृद्धि होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बितायेंगे। कारोबार में सबकुछ आपके अनुसार ही होता प्रतीत होगा। इससे आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आज आप बेहद आनन्दित रहने वाले हैं। मित्रों से लम्बी बातचीत हो सकती है।



**कन्या:** जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नशीले पदार्थों का सेवन न करें। दाम्पत्य सम्बन्धों के लिये समय अवश्य निकालें। कोई जरूरी निर्णय अचानक लेना पड़ेगा। यात्राओं के लिये आज का दिन सुखद नहीं रहेगा। सहयोगी आपसे किसी बात को लेकर असहमत हो सकते हैं।



**तुला:** परिवार की जरूरतों पर धन खर्च करना पड़ेगा। प्रेमी जन की भावनाओं की कद्र करें। दोपहर के बाद शुभ समाचार मिल सकते हैं। भारी उद्योगों से जुड़े लोगों को उत्तम धन लाभ हो सकता हैं। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धैर्यपूर्वक किये गये कार्यों में सफलता मिलेगी।


**वृश्चिक:** जीवनसाथी से सलाह लेना आपके लिये हितकर होगा। दूसरों की बातों को ज्यादा तूल न दें। व्यावसायिक लक्ष्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। सन्तान की उन्नति से गौरवान्वित महसूस करेंगे। नये घर या जमीन में निवेश सकते हैं।


**धनु:** आज आपके काम रुक-रुक कर होंगे। शत्रु पक्ष अचानक से आपके विरुद्ध सक्रिय हो सकता है। अनावश्यक खर्चे नियन्त्रित रखें। आपको पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। लोग आपके विरुद्ध गलत धारणा बना सकते हैं। काल्पनिक विचारों से दूरी बनाकर रखें।


**मकर:** आपको अपने मान-सम्मान की चिन्ता रहेगी। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी लेकिन आप किसी कारण इससे प्रसन्न नहीं रहेंगे। अपनी व्यक्तिगत समस्याओं को किसी से शेयर न करें। रक्तचाप की समस्या होने की आशंका है। भोजन और दिनचर्या अनुशासित रखें।


**कुंभ:** अपना मन हर स्थिति में शान्त रखें। घर के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठावान रहेंगे। इस समय सारी परिस्थितियाँ आपके अनुकूल हैं। जीवनसाथी आपके एक अच्छे मित्र की भूमिका निभायेगा। अपने मन की बातें जीवनसाथी से साझा कर सकते हैं।


**मीन:** स्वास्थ्य काफी अच्छा और सन्तुलित रहेगा। यदि मन में किसी प्रकार का कोई भय था तो वह दूर हो सकता है। धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं। जीवनसाथी के प्रति मन में सम्मान और आदर का भाव उत्पन्न होगा। किसी बड़ी समस्या का समाधान होने से निश्चिन्त होंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर करें इन मंत्रों का जाप, बजरंगबली की बरसेगी कृपा

पवन पुत्र हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए हनुमान जन्मोत्सव का दिन सर्वोत्तम है। इस दिन बजरंगबली की पूरे विधि-विधान से पूजा की जाती है। मान्यता है कि हनुमान जी कलयुग में ऐसे देवता हैं, जिनके समक्ष कोई शक्ति नहीं टिक पाती है। इसलिए वीर बजरंगी की कृपा प्राप्त करने के लिए मंगलवार को उनकी पूजा की जाती है। इसके अलावा हर साल चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती (जन्मोत्सव) मनाई जाती है। इस साल हनुमान जन्मोत्सव का पर्व २३ अप्रैल २०२४ के दिन मनाया जा रहा है। यह दिन हनुमान भक्तों के लिए बहुत खास होता है। इस दौरान मंदिरों में कई भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दिन जहां कई उपाय किए जाते हैं वहीं कुछ मंत्रों का भी जाप करना शुभ होता है। यदि हनुमान जी की पूजा के दौरान इन मंत्रों का जाप कर लेते हैं, तो संकट मोचन हनुमान आपके संकटों का निवारण करते हैं। साथ ही शत्रुओं से भी छुटकारा मिलता है। आइए उन शक्तिशाली मंत्रों के बारे में जान लेते हैं।

### हनुमान जी के मंत्र

**भय नाश करने के लिए हनुमान मंत्र**

हं हनुमंते नमः।

**स्वास्थ्य के लिए मंत्र**

नासै रोग हरे सब पीरा, जपत निरंतर हनुमत बीरा

**संकट दूर करने का मंत्र**

ॐ नमो हनुमते रूद्रावताराय सर्वशत्रुसंहारणाय सर्वरोग हराय सर्ववशीकरणाय रामदूताय स्वाहा।

**कर्ज मुक्ति के मंत्र**


ॐ नमो हनुमते आवेशाय आवेशाय स्वाहा।

**मनोकामना के लिए मंत्र**

ॐ महाबलाय वीराय चिरंजिवीन उद्दते. हारिणे वज्र देहाय चोलंग्घितमहाव्यये। नमो हनुमते आवेशाय आवेशाय स्वाहा।

**प्रेत-भूत बाधा के लिए मंत्र**

हनुमन्नंजनी सुनो वायुपुत्र महाबलः अकस्मादागतोत्पांत नाशयाशु नमोस्तुते।



### हनुमान जी की आरती

आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।।
जाके बल से गिरिवर कांपे। रोग दोष जाके निकट न झांके।।
अंजनि पुत्र महाबलदायी। संतान के प्रभु सदा सहाई।
दे बीरा रघुनाथ पठाए। लंका जारी सिया सुध लाए।
लंका सो कोट समुद्र सी खाई। जात पवनसुत बार न लाई।
लंका जारी असुर संहारे। सियारामजी के काज संवारे।
लक्ष्मण मूर्छित पड़े सकारे। आणि संजीवन प्राण उबारे।
पैठी पताल तोरि जमकारे। अहिरावण की भुजा उखाड़े।
बाएं भुजा असुर दल मारे। दाहिने भुजा संतजन तारे।
सुर-नर-मुनि जन आरती उतारे। जै जै जै हनुमान उचारे।
कंचन थार कपूर लौ छाई। आरती करत अंजना माई।
लंकविध्वंस कीन्ह रघुराई। तुलसीदास प्रभु कीरति गाई।
जो हनुमानजी की आरती गावै। बसी बैकुंठ परमपद पावै।
आरती कीजै हनुमान लला की। दुष्ट दलन रघुनाथ कला की।

# हनुमान जन्मोत्सव के दिन घर ले आएं ये चीजें, वीर बजरंगी होंगे खुश

हनुमान जयंती को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि बजरंगबली आज भी पृथ्वी पर सशरीर मौजूद हैं और हमारी रक्षा करते हैं। बजरंगबली के सामने कोई भी शक्ति टिक नहीं पाती। उनकी कृपा पाने के लिए हनुमान जन्मोत्सव शुभ दिन है। इसलिए उनके भक्त इस दौरान पूरे विधि-विधान से पूजा करते हैं। साथ ही मंदिरों में कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम किए जाते हैं। इस साल हनुमान जन्मोत्सव का पर्व २३ अप्रैल को मनाया जाएगा। इस दिन पूजा अर्चना करने से सभी विघ्न बाधाओं का अंत होता है। साथ ही मनोवांछित फल की भी प्राप्ति होती है। इस दौरान कुछ चीजों की खरीदारी करना आपके लिए शुभ हो सकता है। दरअसल, हनुमान जन्मोत्सव के शुभ दिन पर बजरंगबली से जुड़ी कुछ चीजों को घर लाने से परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहती है। ऐसे में आइए उन चीजों के बारे में विस्तार से जान लेते हैं।

### हनुमान जी का प्रिय अस्त्र गदा

हनुमान जन्मोत्सव के शुभ दिन पर आप गदा खरीद सकते हैं। सभी जानते हैं कि, हनुमान जी को गदा प्रिय है ऐसे में आप मंदिर में इसे लाकर रख सकते हैं। इससे हनुमान जी प्रसन्न होकर आपके ऊपर कृपा कर सकते हैं।

### वानर की प्रतिमा

हनुमान जन्मोत्सव पर आप अपने घर के लिए वानर की प्रतिमा भी ला सकते हैं। इस बात से सभी परिचित हैं कि, वानर सेना ने भगवान राम को लंका विजय करने में मदद की थी। ऐसे में वानर की प्रतिमा लाना कल्याणकारी प्रभाव हो सकता है।

### तांबे का छोटा सा फरसा

इस दौरान आप तांबे को छोटा फरसा भी घर ला सकते हैं। कहीं कहीं फरसे की पूजा भी की जाती है। इसकी आकृति त्रिशूल जैसी होती है। फरसा को घर लाने से वास्तु दोष दूर होता है।

### भूल से भी न करें ये काम

हनुमान जन्मोत्सव के शुभ दिन पर भूलकर भी काले-सफेद वस्त्र न पहनें। इस दौरान यदि उपवास कर रहें हैं, तो नमक का सेवन न करें। हनुमान जन्मोत्सव पर महिलाएं भूलकर भी चोला और सिंदूर न चढ़ाएं। आप हनुमान जी को फूल माला अर्पित कर सकती हैं।

# हनुमान जन्मोत्सव के दिन करें ये 5 कार्य

हर साल चैत्र शुक्ल की पूर्णिमा तिथि को हनुमान जयंती मनाई जाती है। हालांकि, हनुमान जयंती को हनुमान जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है क्योंकि बजरंगबली आज भी पृथ्वी पर सशरीर मौजूद हैं। मान्यता है कि आज भी वह हम सभी के आस-पास मौजूद हैं और हर परेशानी से हमें बचाते हैं। वहीं इस साल हनुमान जन्मोत्सव का पर्व 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। यह दिन हनुमान भक्तों के लिए बहुत खास होता है। हनुमान जन्मोत्सव की धूम पूरे भारत में देखने को मिलती है। इस दौरान पूजा के पंडाल लगाकर उनकी विशेष पूजा भी की जाती है। इस दिन मंदिरों में कई शुभ मांगलिक कार्यक्रम किए जाते हैं। हनुमान जन्मोत्सव के दिन राम जी की पूजा करने का भी विधान है। मान्यता है कि उनकी पूजा के बिना बजरंगबली की आराधना अधूरी है। इसी बीच कुछ महत्वपूर्ण कार्यों को करने का भी महत्व है। जिन्हें करने से न केवल हनुमान जी प्रसन्न होते हैं, बल्कि जीवन के संकट भी टल जाते हैं। इसी कड़ी में आइए जानते हैं कि, हनुमान जन्मोत्सव के दिन कौन से काम करने चाहिए।

### चोला चढ़ाएं

हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर बजरंगबली को सिंदूर और चोला चढ़ाएं। मान्यता है कि इस दिन चोला चढ़ाने से जीवन के संकट टल जाते हैं। साथ ही हनुमान जी भी प्रसन्न होते हैं।

### आटे का दीपक

हनुमान जन्मोत्सव पर पूजा के दौरान बजरंगबली के सामने आटे का दीपक जलाएं। ऐसा करने से कर्ज से मुक्ति मिल सकती है।

### पान का बीड़ा

हनुमान जन्मोत्सव के दिन मंदिर में पूजा-पाठ के बाद बजरंगबली को पान का बीड़ा अर्पित करें। ऐसा करने से हनुमान जी को प्रसन्न कर सकते हैं।

### ध्वज चढ़ाना

हनुमान जी को केसरिया रंग का ध्वज चढ़ाना शुभ होता है। आप इस बार हनुमान जी को जन्मोत्सव पर ध्वज चढ़ा सकते है। ऐसा करने से आपकी हर मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती है।

### राम नाम चढ़ाएं

हनुमान जी को राम नाम कितना प्रिय है, यह तो सभी जानते हैं। इसलिए उनकी पूजा के दौरान हमेशा राम नाम चढ़ाना चाहिए। आप भी इस दिन पीपल के पत्ते पर चमेली के तेल और सिन्दूर से 'राम' नाम लिखें। बाद में उसे हनुमान जी को चढ़ा दें।

# 'इंडिया' गठबंधन कड़ी चुनौती दे रहा है, भाजपा के काम नहीं आ रहा राम मंदिर मुद्दा : पृथ्वीराज चह्वाण

## विपक्षी गठबंधन भाजपा को चुनौती देने में काफी हद तक रहा सफल

एजेंसी
करांड (महाराष्ट्र)


कांग्रेस नेता पृथ्वीराज चह्वाण ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों के अलग रहने के कारण विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' ('इंडिया') उतना शक्तिशाली बनकर नहीं उभरा, जितना कि सोचा गया था लेकिन यह लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कड़ी चुनौती दे रहा है। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि राम मंदिर चुनावों में भाजपा के लिए एक राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पाया है जिसके कारण वह लड़खड़ा रही है। पश्चिमी महाराष्ट्र के सातारा में अपने गृह जिला कराड में चह्वाण ने इस धारणा को दूर करने की कोशिश की कि कांग्रेस को राज्य में महा विकास आघाडी (एमवीए) सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे में 'उचित हिस्सा' नहीं मिला, लेकिन उन्होंने यह स्वीकार किया कि तीन दल शामिल होने के कारण

**चार जून को लोकसभा चुनाव के नतीजे सबको कर देंगे हैरान**

बातचीत मुश्किल थी। कांग्रेस की प्रदेश चुनाव प्रचार समिति के प्रमुख चह्वाण (78) ने कहा कि विपक्षी दल यह सुनिश्चित करने के लिए संकल्पित हैं कि भाजपा विरोधी वोट विभाजित न हो। उन्होंने कहा, 'हम काफी हद तक (भाजपा विरोधी दलों को एक साथ लाने में) सफल रहे हैं, हालांकि 'इंडिया' गठबंधन उतना शक्तिशाली नहीं है जितना कि शुरूआत में सोचा गया था क्योंकि कुछ अहम दल हमारे साथ नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन भाजपा को चुनौती देने में काफी हद तक सफल रहा है जो अपने गठबंधन के साझेदारों के साथ मिलकर 543 सदस्यीय लोकसभा में 400 से अधिक सीटें पाने की उम्मीद कर रही है। चह्वाण ने



उम्मीद जतायी कि चार जून को जब लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित किए जाएंगे तो सभी हैरान रह जाएंगे, खासतौर से महाराष्ट्र में आश्चर्यजनक परिणाम आएंगे जहां उत्तर प्रदेश (80) के बाद लोकसभा की सबसे अधिक 48 सीटें हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, 'एमवीए महाराष्ट्र में काफी अच्छा प्रदर्शन करेगा और सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन से कहीं अधिक सीट जीतेगा। नतीजे सभी को हैरान करेंगे।' चह्वाण ने कहा कि वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) जैसी छोटी पार्टी केवल भाजपा विरोधी मत विभाजित करेंगी। उन्होंने दावा किया कि राम मंदिर का मुद्दा भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से काम नहीं आ रहा है इसलिए वह चिंतित है।' मतदाताओं की समस्याओं के बारे में चह्वाण ने कहा कि बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से आम नागरिक त्रस्त हैं। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा, 'पश्चिमी महाराष्ट्र में शिक्षित बेरोजगारों की दर काफी अधिक है। व्यापक पैमाने पर बेरोजगारी के कारण काफी आर्थिक असमानता है।' उन्होंने कहा कि एक और महत्वपूर्ण मुद्दा कृषि उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) है। उन्होंने कहा कि गन्ना और सोयाबीन उत्पादक बहुत खराब स्थिति में हैं क्योंकि इन सामान की बाजार दरें बहुत कम हैं। चह्वाण ने आरोप लगाया कि चूंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक साल तक चले आंदोलन के बाद 2021 में तीन विवादित कृषि कानूनों को निरस्त करना पड़ा था इसलिए वह 'किसान विरोधी' नीतियां अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोग इस बात को लेकर भाजपा से नाराज हैं कि उसने कैसे शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) को बांटा और जून 2022 में एमवीए सरकार को सत्ता से बेदखल किया। उन्होंने कहा कि शिवसेना और राकांपा में फूट डालने के बाद कांग्रेस को भी तोड़ने की कोशिशें की गयीं लेकिन यह नाकाम हो गयीं। सातारा लोकसभा सीट के लिए संभावित उम्मीदवार के तौर पर उनका नाम सामने आने की खबरों पर चह्वाण ने कहा, 'यह निर्वाचन क्षेत्र राकांपा (शरदचंद्र पवार) के पास है और उसके अध्यक्ष शरद पवार ने विभिन्न समीकरणों पर विचार करने के बाद शशिकांत शिंदे को नामित किया है।'



इंडोनेशिया के रुआंग ज्वालामुखी में कई बड़े विस्फोट के बाद सुनामी का अलर्ट जारी किया गया

## आप ने दिल्ली नगर निगम महापौर चुनाव के लिए खीची को बनाया उम्मीदवार



एजेंसी
नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने देवनगर वार्ड से पार्षद महेश खीची को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) महापौर चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी नेता गोपाल राय ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमन विहार से पार्षद रविंदर भारद्वाज उप महापौर पद के लिए पार्टी के उम्मीदवार होंगे। इस वर्ष एमसीडी महापौर का चुनाव आरक्षित श्रेणी के पार्षदों में से किया जाएगा। राय ने बताया कि खीची 2012 में आप की स्थापना के बाद से ही इससे जुड़े हुए हैं। महापौर का कार्यकाल एक वर्ष का होता है। दोनों उम्मीदवार आज नामांकन दाखिल करेंगे। दिल्ली नगर निगम में 250 में से आप के 134 पार्षद हैं, जिसके कारण दोनों उम्मीदवारों की चुनावी राह मुश्किल प्रतीत नहीं होती। विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी के नगर निगम में 104 पार्षद हैं। महापौर का चुनाव 26 अप्रैल को पार्षदों की बैठक में किया जाएगा।

## फ्रेसेनियस काबी ने अमेरिका में नैटको फार्मा के खिलाफ दर्ज की शिकायत

**नई दिल्ली।** नैटको फार्मा के डायजेपाम इंजेक्शन प्रीफिल्ड सिरिंज के विपणन को लेकर फ्रेसेनियस काबी ने अमेरिका की एक जिला अदालत में शिकायत दर्ज कराई है। नैटको फार्मा ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि फ्रेसेनियस काबी यूएसए, एलएलसी और फ्रेसेनियस काबी डॉयचलैंड जीएमबीएच ने अमेरिका में डैश फार्मास्यूटिकल्स के डायजेपाम इंजेक्शन प्रीफिल्ड सिरिंज के विपणन के संबंध में डेलावेयर के जिला न्यायालय में नैटको फार्मा यूएसए एलएलसी (तत्कालीन डैश फार्मास्यूटिकल्स एलएलसी) के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। डैश फार्मास्यूटिकल्स एलएलसी का नैटको फार्मा इंक द्वारा अधिग्रहण करने के बाद इसका नाम बदलकर नैटको फार्मा यूएसए एलएलसी कर दिया गया था। कंपनी ने बताया कि फ्रेसेनियस ने अभी तक शिकायत की शर्तें पूरी नहीं की है जो मुकदमा शुरू करने के लिए आवश्यक है। नैटको फार्मा तदनुसार अपना पक्ष रखेगी।

## देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें: मायावती

एजेंसी
लखनऊ



बहुजन समाज पार्टी प्रमुख मायावती ने अपील की है कि 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प के साथ मतदाता अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें एवं देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें । सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर मायावती ने एक पोस्ट में लिखा, "देश में 18वीं लोकसभा हेतु सात चरणों में हो रहे आम चुनाव के लिए कल शुक्रवार को मतदान के पहले चरण से ही, 'पहले मतदान, फिर जलपान' के संकल्प के साथ अपने वोट के बहुमूल्य संवैधानिक अधिकार का निर्भय होकर इस्तेमाल करें एवं देश में गरीबों, मेहनतकशों, वंचितों की बहुजन-हितैषी सरकार चुनें।" उन्होंने कहा, "बाबा साहेब डॉ भीमराव आम्बेडकर के अनुपम संविधान के तहत बिना किसी भेदभाव के मिला एक वोट का अधिकार ऐसी लोकतांत्रिक शक्ति है जिसके जरिए सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके गरीब, कमजोर व उपेक्षित लोग अपना उद्धार खुद करने में सक्षम बनकर अपना जीवन स्तर सुधार सकते हैं।" मायावती ने लिखा, "इसीलिए वोट के अधिकार की रक्षा पूरे जी-जान से करनी है। सावधान रहें आपका कोई वोट खरीदा न जा सके। लूटा न जा सके। कोई वोट पड़ने से न रह जाए तथा धनबल, मंदिर-मस्जिद आदि के नाम पर आपके वोट का गलत इस्तेमाल न हो। वोट जरूर डालें। यही सबसे बड़ा कर्तव्य व बाबा साहेब को श्रद्धांजलि।" बसपा नेता ने आगे कहा कि निर्वाचन आयोग ने यह लोकसभा चुनाव 'स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, सुगम, समावेशी, पारदर्शी व शान्तिपूर्ण तरीके से कराने के लिए तैयारियों' का आश्वासन देश को दिया है, जिस पर खरा उतरने के लिए खासकर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग व सत्ताधारी पार्टी द्वारा आचार संहिता का उल्लंघन रोकना जरूरी है। लोकसभा चुनाव के तहत उप्र में पहले चरण में कल 19 अप्रैल को आठ लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

## संक्षिप्त-समाचार

### निसान ने 'फ्रंट डोर हैंडल सेंसर' ठीक करने के लिए मैग्नाइट वाहन वापस मंगाये

**नई दिल्ली।** वाहन कंपनी निसान मोटर इंडिया नवंबर 2020 और दिसंबर 2023 के बीच बनी मैग्नाइट गाड़ियों को वापस मंगा रही है। 'फ्रंट डोर हैंडल सेंसर' में गड़बड़ी को ठीक करने के लिए कंपनी ने यह कदम उठाया है। हालांकि, कंपनी ने यह जानकारी नहीं दी कि कितनी इकाइयों में गड़बड़ी पाई गई हैं। मोटर वाहन विनिमार्ता ने अपनी वेबसाइट पर जानकारी दी। बेस एक्सई और मिड एक्सएल संस्करणों के लिए यह पहल की गयी है। इस गड़बड़ी से ग्राहकों की सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ता है। दिसंबर 2023 के बाद बनाई गई सभी निसान मैग्नाइट इकाइयां एकदम सही हैं। कंपनी प्रभावित वाहनों के मालिकों को सूचित करना शुरू करेगी और उन्हें आश्वासन देगी कि वे अपने वाहनों का इस्तेमाल बिना किसी रुकावट के कर सकते हैं। कंपनी के अनुसार, ग्राहक अपने निकटतम अधिकृत निसान सर्विस सेंटर में जा सकते हैं, जहां सेंसर को निःशुल्क सही कराया जा सकता है। निसान मैग्नाइट पांच सीट वाला 'कॉम्पैक्ट स्पोर्ट्स यूटिलिटी' वाहन है।

### मुंबई में औद्योगिक इलाके में लगी आग

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक औद्योगिक इलाके में बृहस्पतिवार को सुबह भीषण आग लग गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आग में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नगर निकाय के एक अधिकारी ने बताया कि रेय रोड पर दारुखाना इलाके के देवीदयाल कंपाउंड में सुबह करीब साढ़े दस बजे आग लग गई। अधिकारी ने कहा, ₹आग एक मंजिला गोदाम तक ही सीमित है।₹ अग्निशमन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि दमकल की 12 गाड़ियां और अन्य अग्निशमन वाहन मौके पर भेजे गए और आग बुझाने के प्रयास जारी हैं। अधिकारियों ने बताया कि आग लगने का कारण अभी तक पता नहीं चला है।

### मेघालय में असम के तीन युवकों के जले हुए शव मिले

**शिलांग/गोलपाड़ा।** पड़ोसी मेघालय के पूर्वी गारो हिल्स जिले में बुधवार को असम के तीन युवकों के जले हुए शव आंशिक रूप से जमीन में दबे मिले। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिस वाहन का उपयोग उन्होंने असम के गोलपाड़ा जिले से मेघालय में प्रवेश करने के लिए किया था वह भी उसी क्षेत्र रोंगमिल में जला हुआ पाया गया था। पूर्वी गारो हिल्स के पुलिस अधीक्षक एस.ए. रिनजाह ने बताया कि पीड़ितों में से दो की पुलिस को तलाश थी। उन्होंने बताया कि एक कार चोरी के मामले में आरोपी था जबकि दूसरे के खिलाफ मवेशी चोरी का मामला लंबित था। गोलपाड़ा के एक पुलिस अधिकारी ने बताया था, 'हमें पता चला है कि तीनों व्यक्ति मंगलवार को एक वाहन से मेघालय गये थे। उनके जले हुए शव, आंशिक रूप से जमीन में गड़े हुए, स्थानीय पुलिस ने बरामद किए।ह्व ऐसा प्रतीत होता है कि तीनों की हत्या प्रतिद्वंद्वी गिरोह के सदस्यों ने की है। रिनजाह ने बताया कि सभी औपचारिकताएं पूरी होने और पोस्टमार्टम कराने के बाद शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए। मेघालय पुलिस ने कहा कि शव दो स्थानों पर गड़े हुए पाए गए। मेघालय पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 'दो शव एक स्थान पर और दूसरा शव उस क्षेत्र के पास एक अलग स्थान पर मिला जहां वाहन जलाया गया था।ह्व उन्होंने कहा कि मंगलवार सुबह मेघालय में प्रवेश करने के बाद परिवार के सदस्यों ने उनसे बात की थी और उसके बाद से उनसे संपर्क नहीं हो सका। चिंतित परिवार के सदस्यों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद बुधवार को तलाशी अभियान शुरू किया गया। ग्रामीणों ने पूर्वी गारो जिले के अधिकारियों को रोंगमिल इलाके में एक जले हुए वाहन की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को बरामद किया। मृतकों की पहचान गोलपाड़ा के डोलगुमा निवासी जहिदुल इस्लाम (25), जमूर अली (35) और उनका चालक नूर अहमद के तौर पर की गई है। पुलिस मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच कर रही है।

### कछार जिला प्रशासन ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर लागू की निषेधाज्ञा

**सिलचर (असम)।** कछार जिला प्रशासन ने लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को होने जा रहे दूसरे चरण के मतदान के दौरान घुसपैठ, पशु तस्करी और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए, बांग्लादेश के साथ लगने वाली अपनी 33.6 किलोमीटर लंबी सीमा पर निषेधाज्ञा लागू कर दी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिला आयुक्त रोहन कुमार झा द्वारा बुधवार को जारी किए गए एक आदेश के अनुसार, आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 के तहत भारत-बांग्लादेश सीमा के एक किमी क्षेत्र में सूर्यास्त से सूर्योदय तक आवाजाही प्रतिबंधित कर दी गई है। अधिकारी ने बताया कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा और दो महीने तक लागू रहेगा। सुरमा नदी के किनारे आवाजाही भी प्रतिबंधित कर दी गई है। नदी में मछली पकड़ने के लिए कटिगोरा क्षेत्र अधिकारी से अनुमति लेनी होगी। इसके अलावा आवश्यक वस्तुओं को ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही केवल कटिगोरा क्षेत्र अधिकारी की अनुमति के बाद अंतरराष्ट्रीय सीमा के पांच किमी के भीतर हो सकेगी। यह प्रतिबंध केंद्र और राज्य सरकार के अधिकारियों पर लागू नहीं होगा। चुनाव अवधि के दौरान पूरे जिले में दो अप्रैल को सीआरपीसी की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू की गई थी।

### तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों ने चुनौतीपूर्ण समुद्री यात्रा पूरी की

**नई दिल्ली।** तीनों सेनाओं की महिला अधिकारियों के एक दल ने अरब सागर में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में करीब चार सप्ताह की कठिन समुद्री यात्रा पूरी कर ली है। इसके चालक दल में सभी महिलाएं हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की 12 बहादुर महिला अधिकारियों वाले चालक दल ने सितंबर में होने वाली वैश्विक जलयात्रा प्रतिस्पर्धा की तैयारी के लिए यह समुद्री यात्रा की। उन्होंने बताया कि इन महिला कर्मियों ने 'आर्मी एडवेंचर विंग' और 'कॉलेज ऑफ मिलिट्री इंजीनियरिंग' के 'आर्मी एक्वा नोडल सेंटर' के बैनर तले यह यात्रा शुरू की। सेना के एक अधिकारी ने बताया कि कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण वैश्विक जलयात्रा के मद्देनजर शुरू किया गया यह मिशन 27 दिन में पूरा हुआ और इसमें सबसे कठिन समुद्री परिस्थितियों में उनके धैर्य और कौशल का परीक्षण किया गया। मुंबई से लक्षद्वीप तक यह प्रशिक्षण अभियान शुक्रवार को औपचारिक रूप से समाप्त हो गया।

## घरेलू बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी

**मुंबई।** एशियाई बाजारों में तेजी के बीच बृहस्पतिवार को शुरूआती कारोबार में घरेलू सूचकांकों में तेजी आई। बीएसई का 30 शेयर वाला सूचकांक सेंसेक्स शुरूआती कारोबार में 310.82 अंक चढ़कर 73,254.50 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 122.75 अंक बढ़कर 22,270.65 अंक पर रहा। बीएसई में पिछले तीन दिन में 2,094.47 अंक या 2.79 प्रतिशत की गिरावट आई है। सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों में से पावर ग्रिड, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा स्टील, भारतीय स्टेट बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर को सबसे अधिक फायदा हुआ। एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एक्सिस बैंक, नेस्ले, टेक महिंद्रा, टाइटन कंपनी और आईटीसी के शेयर को नुकसान हुआ। एशियाई बाजारों में जापान का निक्की225, हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कम्पोजिट फायदे में रहे। अमेरिकी बाजार बुधवार को नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.29 प्रतिशत चढ़कर 87.54 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

## भाजपा ने बंगाल में रामनवमी पर हिंसा भड़कायी : ममता बनर्जी



एजेंसी
रायगंज (प.बंगाल)

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य में रामनवमी पर आयोजित कार्यक्रमों के दौरान हिंसा भड़कायी। उन्होंने दावा किया कि मुर्शिदाबाद जिले में हिंसा 'पूर्व नियोजित' थी और उन्होंने भाजपा पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इसे अंजाम देने का आरोप लगाया। पुलिस ने बताया कि मुर्शिदाबाद जिले के शक्तिपुर में बुधवार शाम को रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान हुए विस्फोट में एक महिला घायल हो गई। ममता ने रायगंज लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली में कहा, 'सब कुछ पूर्व नियोजित था। रामनवमी से एक दिन पहले मुर्शिदाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) को हटा दिया गया ताकि आप (भाजपा) हिंसा कर सकें।' मुख्यमंत्री ने यह भी दावा किया कि भाजपा से जुड़े गुंडों ने जिले में पुलिस कर्मियों से मारपीट की। इस बीच, भाजपा ने आरोप लगाया कि जिले के रेजीनगर इलाके में रामनवमी के मौके पर निकाली शोभायात्रा में पथराव किया गया था।

## भारती एयरटेल श्रीलंका परिचालन का डायलॉग एक्सियाटा के साथ करेगी विलय

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल शेयर अदला-बदली सौदे के जरिए अपने श्रीलंका परिचालन का डायलॉग एक्सियाटा के साथ विलय करेगी। संयुक्त बयान में यह जानकारी दी गई। वित्त वर्ष 2022-23 में एयरटेल श्रीलंका का कारोबार 294 करोड़ रुपये था। यह भारती एयरटेल के कुल कारोबार का 0.21 प्रतिशत था। बयान में कहा गया, 'डायलॉग एक्सियाटा पीएलसी, एक्सियाटा ग्रुप बरहाद (एक्सियाटा) और भारती एयरटेल लिमिटेड ने श्रीलंका में अपने परिचालन को संयोजित करने के लिए एक निश्चित समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।' इसमें कहा गया, समझौते के तहत श्रीलंका स्थित दूरसंचार कंपनी डायलॉग एयरटेल श्रीलंका में जारी किए गए शेयरों में से 100 प्रतिशत का अधिग्रहण करेगा। इसकी एवज में डायलॉग, भारती एयरटेल को साधारण वोटिंग शेयर जारी करेगा, जो शेयर अदला-बदली के माध्यम से डायलॉग के कुल जारी किए गए शेयर का 10.355 प्रतिशत होगा।

## ईडी ने शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की 98 करोड़ रु की संपत्ति कुर्क की

एजेंसी
नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने धन शोधन की जांच के सिलसिले में अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के पुणे में एक बंगले और शेयर समेत 98 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। यह मामला बिटकॉइन के इस्तेमाल के जरिए निवेशक निधि में धोखाधड़ी से जुड़ा है। संघीय एजेंसी ने एक बयान में बताया कि कुर्क संपत्ति में अभी शेट्टी के नाम पर जुहू (मुंबई) में एक रिहायशी फ्लैट और कुंद्रा के नाम पर पुणे में एक रिहायशी बंगला तथा इक्विटी शेयर शामिल हैं। उसने बताया कि 97.79 करोड़ रुपये की इन संपत्तियों को जब्त करने के लिए धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत एक अस्थायी कुर्की आदेश जारी किया गया है। धन शोधन का यह मामला वैरिएबल टेक प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी, दिवंगत अमित भारद्वाज, अजय भारद्वाज, विवेक



भारद्वज, सिम्पी भारद्वाज, महेंद्र भारद्वाज और कई एजेंट के खिलाफ महाराष्ट्र पुलिस और दिल्ली पुलिस की प्राथमिकियों से निकला है। प्राथमिकियों में आरोप लगाया गा है कि इन लोगों ने बिटकॉइन के रूप में प्रति माह 10 प्रतिशत रिटर्न के झूठे वादे के साथ भोली-भाली जनता से बिटकॉइन (2017 में 6,600 करोड़ रुपये मूल्य) के रूप में भारी मात्रा में धनराशि एकत्र की थी। ईडी ने आरोप लगाया कि इन प्रवर्तक ने निवेशकों से धोखाधड़ी की। उसने दावा किया कि कुंद्रा ने यूक्रेन में एक बिटकॉइन माइनिंग फार्म लगाने के लिए गेन बिटकॉइन पोंजी के मास्टरमाइंड और प्रोमोटर अमित भारद्वाज से 285 बिटकॉइन प्राप्त किए।

## प. बंगाल सरकार ने तेज गर्मी के मद्देनजर गर्मी की छुट्टियां समय से पहले घोषित की

एजेंसी
कोलकाता




पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में तेज गर्मी की स्थिति को देखते हुए सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों में 22 अप्रैल से ग्रीष्मावकाश की बृहस्पतिवार को घोषणा की। स्कूली शिक्षा विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को जारी की गयी अधिसूचना में कहा गया है कि इस दौरान विद्यार्थियों के अलावा अध्यापक एवं गैर शिक्षक कर्मियों की भी छुट्टी रहेगी लेकिन लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संबंधित निर्वाचन अधिकारियों का निर्देश भी उन पर लागू होगा। स्कूली शिक्षा सचिव द्वारा प्राथमिक शिक्षा एवं माध्यमिक बोर्डों के अध्यक्षों के लिए जारी किये गये नोटिस में कहा गया है, 'तेज गर्मी की वर्तमान स्थिति पर विचार करते हुए प्रशासन ने आपके प्रशासनिक अधिकार क्षेत्र में आने वाले विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश निर्धारित समय से पहले ही 22 अप्रैल से करने का निर्णय लिया है। पर्वतीय दार्जिलिंग और कलिम्पोंग जिलों के विद्यालय इसके अपवाद होंगे और वहां वर्तमान अकादमिक कार्यक्रम अगले आदेश तक जारी रखा जाए।' राज्य में फिलहाल लोकसभा चुनाव का दौर है तथा उत्तर बंगाल के कई विद्यालयों को सुरक्षाबलों के शिविरों एवं मतदान केंद्रों में तब्दील कर दिया है, ऐसे में पहले ग्रीष्मावकाश छह मई से निर्धारित किया गया था। शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु ने कहा कि निजी विद्यालयों से भी विद्यार्थियों के हित में ग्रीष्मावकाश पहले कर लेने का अनुरोध किया जा रहा है।

कार्यक्रम

## कन्नूर में विशाल चुनावी रैली को किया संबोधित

# भाजपा देश में अशांति पैदा कर रही है : राहुल गांधी

**'लोस चुनाव देश के इतिहास में संभवतः पहला ऐसा चुनाव होगा जो कि 'भारत के संविधान और हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे के बारे में होगा'**

एजेंसी
कन्नूर (केरल)



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह देश में अशांति पैदा कर देश के लाखों लोगों को नुकसान पहुंचा रही है। कन्नूर में एक विशाल चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है जबकि कांग्रेस वैचारिक भिन्नता को स्वीकार करती है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव देश के आधुनिक इतिहास में संभवतः पहला ऐसा चुनाव होगा जो कि 'भारत के संविधान और हमारे देश के लोकतांत्रिक ढांचे के बारे में होगा।' राहुल ने कहा, 'भाजपा आज भारत में जो करने का प्रयास कर रही है, उसकी कोशिश किसी राजनीतिक दल ने नहीं की। संविधान आधुनिक भारत की बुनियाद है। यह हमारे लोगों को समान अधिकार और समान अवसर देता है। हमारा संविधान देश में विभिन्न संस्थानों द्वारा संरक्षित है।' उन्होंने कहा कि नौकरशाही, न्यायपालिका, निर्वाचन आयोग, पुलिस, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियां संविधान और भारतीय नागरिकों के अधिकारों की संरक्षक मानी जाती हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, 'इन संस्थानों पर कब्जा कर, ईडी और सीबीआई को राजनीतिक हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर, भाजपा हमारे देश की मूल प्रकृति को बदलने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस पार्टी और यूडीएफ भारत की विविधता को स्वीकार करते हैं। हम बहु भाषाओं, परंपराओं, अलग-अलग इतिहास और हमारे सभी लोगों के विचारों को स्वीकार करते हैं। लेकिन भाजपा भारत के लोगों पर एक इतिहास, एक राष्ट्र, एक भाषा थोपना चाहती है।' उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश की विविधता को बदलने का प्रयास कर रही है और अपना वक्त 'बर्बाद' कर रही है। राहुल ने कहा, 'पहली बात तो यह है कि इसे (विविधता) कभी नहीं बदला जा सकता। आप अपना वक्त बर्बाद कर रहे हैं। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप भारतीय लोगों की ऊर्जा भी बर्बाद कर रहे हैं। आप अशांति पैदा कर रहे हैं और यह अशांति लोगों को नुकसान पहुंचा रही है।' वह कन्नूर से चुनाव लड़ रहे केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के अध्यक्ष के. सुधाकरण और कासरगोड से उम्मीदवार राजमोहन उन्निथन के लिए प्रचार कर रहे थे। केरल में लोकसभा चुनाव के लिए 26 अप्रैल को मतदान होगा और नतीजों की घोषणा चार जून को की जाएगी।

# भाजपा नेता जितना भी दुष्प्रचार करले, कोई भी राजनैतिक लाभ मिलने वाला नहीः प्रतिभा सिंह

## प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह सुरक्षित है, चुनाव परिणामों के बाद ओर भी मजबूत होगी

सिटी दर्पण
शिमला



हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा जितना भी दुष्प्रचार कर ले उसे इसका कोई भी राजनैतिक लाभ मिलने वाला नही। उन्होंने भाजपा को याद दिलाया है कि जब कर्मचारी ओपीएस की मांग को लेकर सड़को में थे तो उस समय उनके मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने उन्हें पेंशन लेने के लिये चुनाव लड़ने को ललकारा था।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने कार्यकाल में कर्मचारियों की किसी भी मांग को पूरा नही किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में कर्मचारियों के दय भते भी नही दिए गए। प्रदेश सरकार पर 70 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज व 12 हजार करोड़ से अधिक की कर्मचारियों की देनदारियां प्रदेश सरकार को भाजपा से विरासत में मिली है। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए देने की कांग्रेस की गारंटी का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा है कि चुनाव आयोग ने भी लाहौल स्पीति की महिलाओं को 1500 की सम्मान निधि जारी रखने को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार प्रदेश की सभी पात्र महिलाओं को यह राशि प्रदान करने को पूरी तरह बचनबद्ध है। प्रदेश की कांग्रेस सरकार लोगों से किये अपने सभी वादों को पूरा करेगी। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि भाजपा ने जिस प्रकार प्रदेश सरकार को अस्थिर करने की असफल कोशिश की अब उसे प्रदेश में लोकसभा की चारों व विधानसभा की छह सीटों पर करारी हार का मुंह देखना पड़ेगा। प्रतिभा सिंह ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह सुरक्षित है और चुनाव परिणामों के बाद ओर भी मजबूत होगी।

### कांग्रेस कमेटी चौपाल के प्रस्ताव को अपनी मंजूरीः रजनीश किमटा

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने चौपाल विधानसभा क्षेत्र को 16 जोन में बांटने के ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चौपाल के प्रस्ताव को अपनी मंजूरी दे दी है। इस संदर्भ में कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने अधिसूचना जारी करते हुए बताया कि 16 जोन में घूण्ड बल्सन, देहा बल्सन, कुठार बल्सन, जखोली बहाल, हाम्बल, चोंजु, चौपाल, बमटा, पुंदर, नेरवा चंदलोग, पियोंत्रा स्तोता, नियोल, किरण, थरोच, चेता कुपवी एक व चेता कुपवी दो में विभाजित किया गया है। किमटा ने बताया कि इन जोनों में सयोंजक व उनके साथ सह संयोजक भी लगाएं गए है।

### जगदीश ठाकुर को उपाध्यक्ष जबकि पृथ्वी सिंह नेगी को महासचिव, अधिसूचना जारीः रजनीश किमटा

अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, सांसद एवं प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का विस्तार किया है। कांग्रेस संगठन महामंत्री रजनीश किमटा ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी करते हुए बताया है कि जगदीश ठाकुर को उपाध्यक्ष जबकि सुरेंद्र पाल ठाकुर ,पृथ्वी सिंह नेगी व राजेंद्र शर्मा को महासचिव, दुष्यंत ठाकुर व अभय पंडित को प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया है। इन सब की नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से प्रभावी मानी गई है।

# लोकसभा का चुनाव राष्ट्रवादी शक्तियों और परिवारवादी शक्तियों के बीचः बिंदल

सिटी दर्पण
शिमला



- मोदी का संकल्प अगले 5 साल में भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाना
- भारत को उत्पादकता का हब बना करोड़ों युवाओं को रोजगार दिलाना लक्ष्य

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिन्दल ने कहा कि 1 जून, 2024 को होने वाला लोकसभा का चुनाव राष्ट्रवादी शक्तियों और परिवारवादी शक्तियों के बीच है। एक तरफ भारतीय जनता पार्टी है जो गरीब कल्याण, महिला सम्मान, युवा उत्थान और देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य लेकर चली है तो दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इंडी गठबंधन के लोग हैं जो अपने परिवारों को बढ़ाने के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। एक ओर दुनिया के महान नेता भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है जो भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को मिटाने का संकल्प लेकर चुनाव में उतरे हैं दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी और इनके साथी भ्रष्टाचारियों को बचाने चुनाव मैदान में उतरे हैं। एक ओर मोदी जी के 10 साल का देश के विकास का ट्रैक रिकॉर्ड है जो मोदी जी की गारंटी है दूसरी ओर झूठ का, भ्रष्टाचार का, तुष्टीकरण का, जाति, धर्म, सम्प्रदाय के आधार पर वोट मांगने का पुलिंदा है। डॉ. बिन्दल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल में देश को पीछे धकलने का काम किया और थोथे नारे लगाकर वोट बटोरते रहे। 70 साल के बाद कश्मीर समस्या का हल हुआ, 70 साल के बाद तीन तलाक समाप्त हुआ, 70 साल के बाद धारा 370 और 35ए समाप्त हुई, 70 साल के बाद आतंकवाद पर नकेल लगी, 70 साल के बाद भारत दुनिया की 5वीं आर्थिक महाशक्ति बना, 70 साल के बाद 25 करोड़ गरीब, गरीबी रेखा से बाहर आये, 40 साल के बाद 33 प्रतिशत का आरक्षण महिलाओं को लोकसभा व विधान सभाओं में मिला, 70 साल के बाद श्रीराम जन्म स्थान पर भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ, 70 साल बाद काशी विश्वनाथ की भव्यता का उदय हुआ। डॉ. बिन्दल ने कहा कि मोदी जी का संकल्प है कि अगले 5 साल में भारत को दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनाना है। भारत को उत्पादकता का हब बनाकर करोड़ों युवाओं को रोजगार दिलाना है। 10 करोड़ बहनो को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से शक्तिशाली बनाते हुए 4 करोड़ लखपति दीदी बनाना है। किसान कल्याण, गरीब की सेवा और भारत का उत्थान यह लक्ष्य लेकर भाजपा चुनाव मैदान में है।

आओ, हम सब मिलकर हिमाचल की चार की चार सीटें मोदी जी की झोली में डालें और विधानसभा के 9 उपचुनाव जीतकर प्रदेश में झूठी गारंटियों वाली सरकार को रूखसत करें।

# सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए मतदान आवश्यक



सिटी दर्पण
शिमला

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं जागरूकता अभियान के तहत आज कोटखाई उपमंडल के ग्राम पंचायत पनोग के ग्राम बड़व में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया। तहसीलदार कोटखाई ललित ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी लोग इस लोकसभा चुनाव में अवश्य रूप से अपने मत का प्रयोग करें। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र निर्माण के लिए सभी की भागीदारी सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉ किशोर जोधा ने उपस्थित लोगों से लोकतंत्र के इस महापर्व को सफल बनाने हेतु लोकसभा चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में स्थानीय पंचायत की प्रधान, महिला मंडल प्रधान, पंचायत के अंतर्गत आने वाले विभिन्न स्वयं सहायता समूह की समस्त महिला शक्ति, नवयुवक मण्डल के सदस्यों ने बढ़चढ़कर भाग लिया।

# प्रदेश की महिलाओं को हर हाल में दी जाएगी 1500 रुपए पेंशनः नरेश चौहान

सिटी दर्पण
शिमला



- यह पेंशन रुकवाने के लिए चुनाव आयोग क्यों गई भाजपा
- जयराम बताएँ, राजस्थान में क्यों बंद हुई ओपीएस

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) नरेश चौहान ने कहा है कि भाजपा नेता महिला हितैषी होने का ढोंग कर रहे हैं। आज जारी एक बयान में नरेश चौहान ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर बार-बार यह दोहरा रहे हैं कि भाजपा महिलाओं की हितैषी है, लेकिन हिमाचल प्रदेश की जनता यह अच्छी तरह से जानती है कि 1500 रुपए पेंशन रुकवाने के लिए कौन चुनाव आयोग के पास गया। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर को महिलाओं को दिए जा रहे अधिकार में अड़ंगे लगाने के लिए प्रदेश की जनता से माफी माँगनी चाहिए क्योंकि भाजपा नेता ही 1500 रुपए पेंशन रुकवाने के लिए चुनाव आयोग के पास गए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता जितना मर्जी जोर लगा लें, लेकिन प्रदेश की महिलाओं को 1500 रुपए पेंशन हर हाल में दी जाएगी।

नरेश चौहान ने कहा कि भाजपा का असली चेहरा हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने बेनकाब हो गया है। भाजपा सिर्फ महिला विरोधी ही नहीं बल्कि कर्मचारी विरोधी भी है। पुरानी पेंशन माँगने पर भाजपा नेताओं ने सरकारी कर्मचारियों को मजाक बनाया और उन्हें चुनाव लड़ने की चुनौती दी गई। जबकि राज्य में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान की, ताकि बुढ़ापे में उन्हें किसी के आगे हाथ फैलाने को मजबूर न होने पड़े और वह आत्म सम्मान के साथ अपना जीवन जी सकें। भाजपा नेताओं को प्रदेश की जनता को बताना चाहिए कि राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही पुरानी पेंशन को क्यों बंद कर दिया, जबकि अशोक गहलोत के नेतृत्व में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन प्रदान की थी।

मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार (मीडिया) ने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। भाजपा नेता सिर्फ प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए मीडिया में झूठे बयान दे रहे हैं, लेकिन हिमाचल में लोग पढ़े लिखे हैं, समझदार हैं और सत्य-असत्य के बीच अंतर भली-भाँति करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने मात्र सवा साल के कार्यकाल में महिलाओं को 1500 रुपए प्रति महीना पेंशन प्रदान की, सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी, 20 हजार से अधिक सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। यहीं नहीं युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए 680 करोड़ रुपये स्टार्ट अप फंड तैयार किया है और सवा साल में ही पांच गारंटियाँ पूरी की हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने गारंटियों से आगे बढ़कर जनकल्याण का एक नया अध्याय लिखा है।

## संक्षिप्त-समाचार

### डिप्टी सीएम की बेटी आस्था ने चुनाव लड़ने की चचाओं पर लगाया विराम

ऊना। हिमाचल प्रदेश में जहां भाजपा ने लोकसभा चुनाव के साथ 6 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए अपने सभी उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है। वहीं कांग्रेस अभी सिर्फ शिमला और मंडी संसदीय सीटों पर ही अपने प्रत्याशी घोषित कर पाई है। दो लोकसभा सीटों के साथ-साथ 6 विधानसभा के उपचुनाव को लेकर उम्मीदवारों की तलाश में जुटी हुई है। कांग्रेस पार्टी की तलाश के बीच एक नाम डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की बेटी आस्था अग्निहोत्री का भी सामने आया था और आस्था के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र या गगरेट विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की खूब चर्चा भी हुई। लेकिन इन सभी चचाओं पर खुद आस्था अग्निहोत्री ने मीडिया के सामने आकर विराम लगा दिया है। आस्था अग्निहोत्री ने कहा कि कांग्रेस हाई कमान ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए कहा था जोकि सम्मान की बात है, लेकिन इस वक्त परिस्थितियाँ अलग है। उन्होंने कहा कि उनकी मां सिम्मी अग्निहोत्री के निधन को अभी दो माह ही हुए हैं, ऐसे में उन्होंने विनम्रता से चुनाव लड़ने को लेकर असमर्थता जाहिर की है। वहीं आस्था ने गगरेट से चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि वो दो-दो विधानसभा क्षेत्रों से उनके परिवार द्वारा ही चुनाव लड़ने के पक्ष में नहीं है। उन्होंने कहा कि पिछले 25 वर्षों से हरोली विधानसभा से एक रिश्ता जुड़ा हुआ है और पिता मुकेश अग्निहोत्री लगातार चुनाव जीतते आ रहे हैं। ऐसे में किसी और विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की कोई लालसा नहीं है। उन्होंने कहा कि गगरेट से किसी भी स्थानीय नेता को ही चुनाव लड़वाना चाहिए। वहीं आस्था ने पार्टी के प्रचार के लिए अपनी हामी भरते हुए कहा कि उनका परिवार कांग्रेस के साथ चट्टान की साथ खड़ा है।

### हिमाचल में दोस्तों को बचाने के चक्कर में दिल्ली से आए पर्यटक की मौत

मंडी। हिमाचल के मंडी जिले में जोगिंदर नगर में दिल्ली से आए पर्यटक की संदिग्ध परिस्थितियों में खड्ड में डूबने से मौत हो गई है। मामला जोगिन्दर नगर के मच्छयाल खड्ड का है। पुलिस ने बताया जा रहा है कि अपने दो साथियों को खड्ड में डूबता देख इस युवक ने छलांग लगा दी। दोनो साथी तो बच गए लेकिन दिल्ली निवासी युवक को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा। मृतक युवक की पहचान बलवंत उर्फ बंटी पुत्र तीर्थ सिंह हाऊस नं 48/8 गली न 37 कोसिब इनकलेब नजदीक बालाजी मंदिर दिल्ली 84 के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली, सिक्किम व महाराष्ट्र से चार दोस्त हिमाचल घूमने आए थे। यह सभी लोग बीड के चौगान में होम स्टे में रुके हुए थे। बुधवार दोपहर बाद यह सभी साथी सैंथल पंचायत की मच्छयाल खड्ड में मौज मस्ती के लिए पहुंचे थे। तभी सिक्किम की युवती और महाराष्ट्र का युवक खड्ड में नहाने उतर गए। इस दौरान नहाते हुए युवक-युवती अचानक खड्ड में डूब गए। अपने दोस्तों को डूबता देख 28 वर्षीय बलवंत उर्फ बंटी ने खड्ड में छलांग लगा दी। इस हादसे में महाराष्ट्र का युवक और सिक्किम की युवती तो बच गए,लेकिन बलवंत की डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के उपरांत स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जोगिंदरनगर थाना कार्यकारी प्रभारी गोविंद पॉल ने बताया कि मृतक युवक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। कल पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल जोगिन्दर नगर लाया गया है। पुलिस ने मृतक युवक के साथियों के बयान कलमबद्ध किए हैं। मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

### हिमाचल में राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेले का समापनः मदन कुमार

मंडी/सुंदरनगर। हिमाचल में ऋषि शुकदेव की धरा पर पांच दिनों तक विराजमान होने के उपरांत सैंकड़ों देवी-देवता अपने देव स्थलों में वापिस लौट गए हैं। चौत्र नवरात्रि की पंचमी को शुरू हुए राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेले की जातर बुधवार को रामनवमी के अवसर पर विधिवत रूप से निकाली गई। इस मौके पर महामाया मंदिर से राजे के बेहड़े होते हुए जवाहर पार्क तक भव्य शोभायात्रा निकाल कर मेले का समापन भी हुआ। इस दौरान एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार ने शाही जलेब में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम एवं मेला कमेटी के अध्यक्ष गिरीश समरा और तहसीलदार अंकित शर्मा तथा बीडीओ विवेक चौहान भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम महामाया मंदिर के प्रांगण में सुकेत रियासत के सभी देवी-देवता सुबह से ही एकत्रित होने शुरू हो गए थे। दोपहर बाद तक मंदिर परिसर में देवी-देवताओं की पूजा अर्चना और दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की खासी भीड़ उमड़ी रही। मुख्य अतिथि के पहुंचने पर मेला समिति की ओर से पगड़ी पहनाने की रस्म अदा की गई। मुख्यातिथि ने देवी-देवताओं की पालकी को उठाकर शाही जलेब की अगवाई की। इसमें सर्वप्रथम नवरात्रि कन्याएं, पालकी देवी महामाया, देवताओं में पहले स्थान पर बड़ा देव कमरूनाग, तीसरी पालकी माता कामाक्षा जयदेवी, देव मूल माहुंनाग की अगवाई में सुकेत रियासत के तमाम देवी-देवताओं ने शिरकत की और शाही जलेब की शोभा बढ़ाई। देवी-देवताओं ने मुख्यातिथि संग राजमहल में हाजिरी लगाई। जलेब महामाया मंदिर से लेकर ललित चौक, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह चौक, सिनेमा चौक, भोजपुर बाजार से होते हुए मेला स्थल जवाहर पार्क पहुंची। डॉ. मदन कुमार ने कहा कि राज्यस्तरीय सुकेत देवता मेले का विधिवत समापन हो गया है।

### परिवर्तित मौसम में सतर्कता बरतने की आवश्यकताः राकेश प्रताप

शिमला। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश प्रताप ने आज यहाँ जानकारी देते हुए कहा कि मौसम परिवर्तित होते ही पीलिया, अतिसार (दस्त, उल्टी और आंत्रशोथ ) इत्यादि बीमारियां होने का अंदेशा रहता है। इन रोगों से हम सही जानकारी और सतर्कता बरतते हुए निजात पा सकते हैं। डॉक्टर राकेश प्रताप ने बताया कि दूषित खाद्य व दूषित पेय पदार्थ के सेवन से अतिसार, आंत्रशोथ, पीलिया व टाइफाइड होने का खतरा बढ़ जाता है। इन स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनसाधारण से आवाहन किया कि व्यक्तिगत स्वच्छता और आसपास की स्वच्छता का पूरा ध्यान रखें। पानी उबालकर पिए, हमेशा ताजा भोजन खाए और भोजन को ढक कर रखें।

# लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन का आयोजन

सिटी दर्पण
शिमला




लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की उपस्थिति में मतदान कर्मियों की पहली रेंडमाइजेशन आज यहाँ उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी कक्ष में की गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के कुल 1058 मतदान केंद्रों में तैनात किये जाने वाले पीआरओ, एपीआरओ और पीओ के लिए 7231 कर्मियों के डाटा की पहली रेंडमाइजेशन में कर्मियों के डाटा को मिक्स करने के बाद शॉर्टलिस्ट किया गया और अंत में उसे लॉक कर दिया गया। इसके पश्चात कर्मियों की चुनाव ड्यूटी कहाँ लगी है और कहाँ उनकी रिहर्सल होनी है, इस सम्बन्ध में आदेश जारी किये जा रहे हैं। उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों से उनके नियंत्रण में कार्य कर रहे कर्मियों को उनके चुनाव ड्यूटी आर्डर जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने तथा सभी कर्मियों को आदेशानुसार अपने चुनाव ड्यूटी आदेश प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि चुनाव कर्मियों के लिए विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में 24 अप्रैल 2024 से रिहर्सल आरम्भ हो रही हैं जिसके अनुसार जुब्बल-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 24 अप्रैल को ठाकुर राम लाल राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुब्बल में होगी और शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 25 अप्रैल को राजकीय डिग्री कॉलेज संजौली के सभागार में दो बैच में होगी। इसी प्रकार, चौपाल विधानसभा क्षेत्र में पहली रिहर्सल 26 अप्रैल को तहसील ग्राउंड चौपाल तथा ठियोग विधानसभा क्षेत्र में 28 अप्रैल को राजकीय आईटीआई ग्राउंड ठियोग स्थित जैस में होगी। कसुम्पटी विधानसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला छोटा शिमला के सभागार में और शिमला विधानसभा क्षेत्र में 25 अप्रैल को राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पोर्टमोर में होगी।

# हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल

सिटी दर्पण
शिमला



हिमाचल प्रदेश में बनी 20 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। केन्द्रीय दवा मानक नियंत्रण संगठन ने इस माह का ड्रग अलर्ट जारी किया है। देश में दवाओं के कुल 59 सैंपल फेल हुए हैं, जिसमें हिमाचल की दवाओं के फेल हुए सैंपल की संख्या भी 20 है। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उनमें एलर्जी, दर्द, एंटीबायोटिक, हार्ट, बीपी व शुगर सहित कई बीमरियों की दवाएं शामिल हैं। उपदवा नियंत्रण बद्दी मनीष कपूर ने बताया कि जिन उद्योगों की दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं उन सभी को नोटिस जारी किए गए हैं।

सीडीएससीओ ने मिली जानकारी के मुताबिक लीगन हैल्थ केयर परवाणू की रिफाक्सिमिन टैबलेट 200 एमजी का बैच नम्बर टी.एक्स 17329 व रिफाक्सिमिन फेक्सिजेन 550 का बैच नम्बर टी.एक्स 17503, एस्ट्रिका हैल्थकेयर बद्दी की एसट्रिपेरियन इंजैक्शन 5000 आईयू, 5 एमएल का बैच नम्बर एजीआई -23077, जेएमएम लैबारेटरीज कालाअंब जिला सिरमौर की पार्डिक-एसपी का बैच नम्बर जेएमटी- 2208520, टोर्क्यू फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड की मॉनटोर-एलसी का बैच नम्बर बी-18523003, सिगमा सॉफटजेल एंड फामूर्लेशन बद्दी की एसेमेटिल-एसपी का बैच नम्बर एसडी7744ए, बायोअल्टस फार्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड बद्दी की टैलवर्ज एच का बैच नम्बर बीडी 231669एच, ओरिसन फार्मा इंटरनैशनल कालाअंब जिला सिरमौर की ओपी सोप्रोएट-200 का बैच नम्बर 23ई-टी 990, फामार्टस हैल्थ केयर टिपरा बरोटीवाला बद्दी की कैल्शियम कार्बोनेट 500 एमजी का बैच नम्बर पीटी-30670, व पीटी 30665, एमसी फर्मास्यूटिकल प्राइवेट लिमिटेड पाँवटा साहिब सुरजपुर की एक्सीफ्लो-ओज का बैच नम्बर एमए आरएमटी-240, सेलस फार्मास्यूटिकल बद्दी की सलूजिंक-20 का बैच नम्बर एसपीटी 230376, एएनजी लाइफ साइंस इंडिया लिमिटेड बद्दी की इनालप्रिल मेइलेट 5 एमजी का बैच नम्बर टी 013002, मोरेपेन लैबोरेटरीज परवाणू की डोमिपेन की ईके 0571, ओरचिड मेडलाइफ प्राइवेट लिमिटेड बद्दी की रबेन-20 का बैच नम्बर टीजे 231109, एसेस लाइफ साइंस परवाणू की एबरोडॉल-एस कफ सिरप का बैच नम्बर एएलएल-1070 व एल मैल्ट सिरप का बैच नम्बर एएलएल-1038, साइटैक मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड ट्रोइपोड 200 का बैच नम्बर सीटी-0778ए, डिजिटल विजिन कालाअंब सिरमौर की एलेमो का बैच नम्बर जीटीडी 0813ए व फोरेजेन हैल्थ केयर लिमिटेड बद्दी की फ्लूटोल टैबलेट की बैच नम्बर एफटी-22741 का सैंपल फेल हुआ है।

शिकंजा

## आचार संहिता में 7.85 करोड़ की जब्ती, हर बार बढ़ रहे केस

# हिमाचल में चुनाव आचार संहिता के एक महीने में 5.51 करोड़ की शराब जब्त

सिटी दर्पण
शिमला



एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग और पुलिस आचार संहिता के दौरान हर तरह की गतिविधियों पर अपनी पैनी नजर रख रही है। इसी चुस्ती का नतीजा है कि 16 मार्च को आचार संहिता लगने के एक महीने बाद प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण के दौरान 5.51 करोड़ रुपये की शराब पकड़ी जा चुकी है।

देश में 18वीं लोकसभा सहित कई राज्यों में विधानसभा की खाली सीटों पर उपचुनाव के ऐलान के साथ ही 16 मार्च से सभी राज्यों में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। हिमाचल में आखिरी चरण में 01 जून को मतदान होना हैं। चुनावी प्रक्रिया के लिए 07 मई को अधिसूचना जारी होगी। ऐसे में अब नई योजनाएं घोषणा सहित वित्तीय मंजूरी नहीं दी जा सकती है।

वहीं राजनीतिक दल चुनाव के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए पैसे और शराब सहित अन्य प्रलोभन नहीं दे सकते हैं। ऐसा करने पर नियमों में कड़ी सजा का प्रावधान हैं, लेकिन इतनी सख्ती के बाद भी छोटे पहाड़ी राज्यों में चुनाव के दौरान वोटरों को प्रलोभन देने के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले ही शराब सहित अन्य लालच देकर मतदाताओं को प्रभावित करने का प्रयास शुरू हो गया है। वहीं हिमाचल में चुनाव श्चाल परीश की भेंट न चढ़े इसके लिए एक्साइज एंड टैक्सेशन विभाग और पुलिस की आचार संहिता के दौरान हर तरह की गतिविधियों पर पैनी नजर है। इसी चुस्ती का नतीजा है कि 16 मार्च को आचार संहिता लगने के बाद एक महीने की अवधि में प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर निरीक्षण के दौरान 5.51 करोड़ शराब पकड़ी जा चुकी है।

प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के लिए 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। 16 मार्च से 16 अप्रैल के बीच एक महीने की अवधि में विभिन्न विभागों ने अब तक 7,85,51,662 रुपये की अवैध शराब, नकदी, आभूषण आदि जब्त किए जा चुके हैं। इसमें 5.51 करोड़ की 3,81,343 लीटर शराब जब्त की गई है। इसके अलावा पुलिस ने अब तक 64.18 लाख की 32 किलो चरस, 1.03 करोड़ कीमत की 1.47 किलो हेरोइन और 25 लाख की नकदी जब्त की है। वहीं अब तक करीब 3.35 लाख के सोने और चांदी के गहने भी जब्त किए जा चुके हैं। विभिन्न विभागों की ओर से ये कार्रवाई निरंतर जारी है।

हिमाचल में चुनाव के दौरान शराब का खूब दौर चलता है। मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए प्रदेश में शराब बांटी जाती है। इस बात की गवाही चुनाव आयोग की ओर से जारी शराब जब्ती के आंकड़े करते हैं। निर्वाचन विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक हिमाचल में चुनाव के दौरान हर बार एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज होने वाले मामलों का आंकड़ा बढ़ा हैं। इसके तहत साल 2014 में 16वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव के दौरान एक्साइज एक्ट के तहत 176 मामले दर्ज हुए थे। इसके तीन साल बाद ही प्रदेश में वर्ष 2017 में हुए विधानसभा चुनाव में एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज होने वाले मामलों की संख्या बढ़कर 337 हो गई। इसी तरह से 2019 में 17 वीं लोकसभा चुनाव के दौरान एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज होने वाले मामलों की संख्या 734 तक पहुंच गई। हालांकि प्रदेश में वर्ष 2022 में हुए विधानसभा चुनाव के दौरान एक्साइज एक्ट के तहत दर्ज होने वाले मामलों में कुछ कमी देखी गई थी।

### ईडी ने पिछले दस वर्षों के दौरान 5,155 पीएमएलए मामले दर्ज किए

शिमला। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, मनी लॉन्ड्रिंग रोधी कानून के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई तलाशी में 86 गुना वृद्धि हुई है, जबकि पिछले नौ साल की अवधि की तुलना में 2014 के बाद से दस वर्षों में गिरफ्तारी और संपत्ति की कुर्की में लगभग 25 गुना वृद्धि हुई है। . अधिनियम (पीएमएलए) अप्रैल 2014 से मार्च 2024 के बीच, जुलाई 2005 से मार्च 2014 तक के नौ वर्षों के मुकाबले पिछले दस वर्षों के आंकड़ों का विश्लेषण धन शोधन निवारण की विभिन्न धाराओं के तहत संघीय एजेंसी की ह्यतीव्रह्व कार्रवाई की एक तस्वीर प्रस्तुत करता है। पीएमएलए को 2002 में अधिनियमित किया गया था और कर चोरी, काले धन की उत्पत्ति और मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर अपराधों की जांच के लिए 1 जुलाई 2005 से लागू किया गया था। भारत में 55 फीसदी बैंकिंग धोखाधड़ी तीसरे पक्ष के खाते के अधिग्रहण से जुड़ी थीं। इजराइली धोखाधड़ी का पता लगाने वाली फर्म बायोकैच जबकि विपक्षी दलों ने आरोप लगाया है कि पिछले दशक के दौरान ईडी की कार्रवाई भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की अपने प्रतिद्वंद्वियों और अन्य लोगों के खिलाफ दमनकारी रणनीति का हिस्सा थी, केंद्र सरकार और सत्तारूढ़ दल ने कहा है कि एजेंसी स्वतंत्र है और इसकी जांच चल रही है। ये पूरी तरह से योग्यता पर आधारित थे और भ्रष्टों के खिलाफ कार्रवाई करने के जनादेश के तहत थे। ईडी ने पिछले दस वर्षों के दौरान 5,155 पीएमएलए मामले दर्ज किए, जबकि पिछली अवधि (2005-14) के दौरान दर्ज की गई कुल 1,797 शिकायतें या प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर या एफआईआर) की तुलना में, लगभग तीन गुना वृद्धि हुई है। आंकड़ों से पता चलता है कि एजेंसी को पहली बार 2014 के वित्तीय वर्ष में दोषी ठहराया गया था और उसने अब तक 63 लोगों को मनी-लॉन्ड्रिंग विरोधी कानून के तहत दंडित किया है। ईडी ने 2014-2024 की अवधि के दौरान देश भर में मनी लॉन्ड्रिंग मामलों में 7,264 खोजें या छापे मारे, जबकि पिछली अवधि में यह केवल 84 था - 86 गुना अधिक। आंकड़ों के अनुसार, पिछले दशक के दौरान कुल 755 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 1,21,618 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई, जबकि पिछले तुलनात्मक अवधि के दौरान क्रमशः 29 गिरफ्तारियां और 5,086.43 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई थी।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स के सामने रहेगी चेन्नई के गेंदबाजों की कठिन चुनौती

## केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार झेलनी पड़ी है दो पराजय

एजेंसी
लखनऊ




लखनऊ सुपर जाइंट्स अपने घरेलू मैदान पर शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में उतरेगी तो उसके सामने चेन्नई सुपर किंग्स के धारदार गेंदबाजी आक्रमण का सामना करने की कठिन चुनौती होगी जो इकाना स्टेडियम की पिच पर कहर बरपा सकते हैं। रूतुराज गायकवाड़ की कप्तानी और महेंद्र सिंह धोनी की प्रेरणा वाली चेन्नई टीम ने पिछले दो मैच जीते हें जबकि केएल राहुल की लखनऊ टीम को लगातार दो पराजय झेलनी पड़ी है। लखनऊ के बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके हैं और देखना होगा कि बेहतरीन फॉर्म में चल रहे चेन्नई के गेंदबाजों का सामना वे कैसे करते हैं। यॉर्कर डालने में उस्ताद मथीषा पथिराना को डैथ ओवरों में खेल पाना बहुत मुश्किल है। वहीं मुस्ताफिजुर रहमान के पास कम से कम तीन वैरिएशन हैं। इकाना जैसे स्टेडियम पर जहां गेंद पर पकड़ अच्छी रहती है, रविंद्र जडेजा काफी असरदार साबित हो सकते हैं। लखनऊ में महीश तीक्षणा के रूप में एक अतिरिक्त स्पिनर को उतारा जा सकता है। लखनऊ में इस सत्र में पहली पारी का औसत स्कोर 175 रन रहा है जो दूसरे मैदानों से कम से कम 15 रन कम है। लखनऊ के युवा तेज गेंदबाज मयंक यादव पिछले दोनों मैचों में पेट की मांसपेशी में खिंचाव के कारण नहीं खेल सके। उन्होंने अभ्यास शुरू किया और उनकी रफ्तार चेन्नई के बल्लेबाजों के लिये चुनौतीपूर्ण हो सकती है लेकिन देखना यह है कि वह कल खेल पाते हैं या नहीं। स्पिन में रवि बिश्नोई ने किफायती स्पैल फेंके हैं लेकिन वैरिएशन के अभाव के कारण अभी तक छह मैचों में चार ही विकेट ले सके। बिश्नोई और चेन्नई के आक्रामक बल्लेबाज शिवम दुबे की टक्कर देखने लायक होगी। लखनऊ के प्रमुख बल्लेबाज क्विंटोन डिकॉक लगातार दो अर्धशतकों के बाद पिछले तीन मैचों में कुछ खास नहीं कर सके। 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण कृणाल पंड्या सातवें नंबर पर उतर रहे हैं और छह मैचों में 41 गेंद ही खेल सके। उनका पूरा इस्तेमाल नहीं करने का खामियाजा भी टीम को भुगतना पड़ा है। कप्तान राहुल भी 204 रन ही बना सके और अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं हैं। निकोलस पूरन ने छह मैचों में 19 छक्के लगाये हैं और उनसे इस लय को कायम रखने की उम्मीद होगी।

### टीमों का विवरण

**लखनऊ सुपर जाइंट्सः** केएल राहुल (कप्तान), क्विंटन डिकॉक, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, काइल मेयर्स, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुडा, देवदत्त पडिक्कल, रवि बिश्नोई, नवीन उल हक, क्रुणाल पंड्या, युद्धवीर सिंह, प्रेरक मांकड़, यश ठाकुर, अमित मिश्रा, शमर जोसेफ, मयंक यादव, मोहसिन खान, के गौतम, शिवम मावी, अर्शिन कुलकर्णी, एम सिद्धार्थ, एश्टन टर्नर, मैट हेनरी, मोहम्मद अरशद खान।

**चेन्नई सुपरकिंग्सः** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

# घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर, सर्जरी होगी

एजेंसी
नई दिल्ली




लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डाइमंड लीग प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरूआत करनी थी लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया। श्रीशंकर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, 'दुर्भाग्य से, यह बुरे सपने की तरह लगता है लेकिन यह हकीकत है, मेरा पेरिस ओलंपिक का सपना टूट गया है।' उन्होंने कहा, 'मुझे मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट लगी और परीक्षण तथा परामर्श के बाद, यह फैसला किया गया कि मुझे सर्जरी कराने की जरूरत होगी।' श्रीशंकर ने कहा, 'अपने पूरे जीवन में, मेरे अंदर प्रतिकूल परिस्थितयों का सामना करने का साहस रहा है, उन स्थितियों को स्वीकार करना जिसे मैं बदल नहीं सकता। उन चीजोंमें सकारात्मक नतीजा हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत करना जहां मैं कर सकता हूं।' पिछले साल जून में श्रीशंकर तीसरे स्थान पर रहकर डाइमंड लीग प्रतियोगिता में शीर्ष तीन में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय बने थे। हालांकि वह बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग दौर से बाहर होने से निराश थे लेकिन हांगझोउ में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतकर जोरदार वापसी की। श्रीशंकर ने कहा, 'जिंदगी अजीब पटकथाएं लिखती है और कभी-कभी इसे स्वीकार करने और आगे बढ़ने में साहस होता है। मैं यही करूंगा।' उन्होंने कहा, 'मेरी वापसी का सफर उसी क्षण शुरू हो गया जब मेरे घुटने में चोट लगी। यह रास्ता लंबा, कठिन होने वाला है और मेरे से बहुत कुछ छीन लेगा।' बॉस्केटबॉल के दिग्गज कोबे ब्रायंट को अपना आदर्श मानने वाले श्रीशंकर ने कहा, 'अच्छी बात यह है कि मेरे पास देने के लिए बहुत कुछ है। मैं इससे निपट लूंगा क्योंकि मांबा मानसिकता का यही मतलब है।' शब्द 'माम्बा मानसिकता' लॉस एंजिल्स लेकर्स स्टार की जीवन और प्रतिस्पर्धा के प्रति मानसिकता और सकारात्मक दृष्टिकोण को दशार्ता है।

# अवसाद, कम खाने से वजन घटने की वजह से लिया संन्यास : मेग लानिंग

एजेंसी
मेलबर्न



आस्ट्रेलिया की छह बार की विश्व कप विजेता पूर्व क्रिकेट कप्तान मेग लानिंग ने खुलासा किया है कि अवसाद के दौरे और अत्यधिक व्यायाम तथा कम खाने से वजन घटने के कारण उन्होंने 31 वर्ष की उम्र में ही खेल को अलविदा कह दिया। लानिंग ने बर्मिंघम में 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण जीतने के बाद मानसिक स्वास्थ्य के लिये छह महीने का ब्रेक लिया था। उन्होंने एशेज 2023 के बाद खेल को अलविदा कह दिया लेकिन कोई कारण नहीं बताया था। उन्होंने ' द हाउइ गेम्स ' पॉडकास्ट में कहा,' सभी मुझसे कहते थे कि कुछ सही नहीं हो रहा है लेकिन मैने स्वीकार नहीं किया। मैं क्रिकेट खेलने की स्थिति में नहीं थी। एशेज जैसी श्रृंखला के लिये मानसिक और शारीरिक तौर पर काफी प्रतिबद्ध रहने की जरूरत होती है।' उन्होंने कहा कि एक ऐसा समय आया जब उनकी भूख ही खत्म हो गई और सप्ताह में 90 किलोमीटर दौड़ने के बाद वह सिर्फ दो बार खाना खाती थी जिससे काफी वजन कम हो गया। उन्होंने कहा,' मैं कम खाती थी और ज्यादा वर्जिश करती थी। मेरा वजन 64 किलो से 57 किलो हो गया। इससे मेरी एकाग्रता पर असर पड़ा। मैं दूसरे लोगों को देखना नहीं चाहती थी। अपने परिवार और दोस्तों से भी कट गई। फिर मुझे लगा कि अब इस पर रोक लगनी चाहिये।' लानिंग ने कहा,' मैं बस कान में ईयरफोन लगाकर दौड़ने चली जाती। फोन भी साथ नहीं रखती थी। संगीत के लिये एपल वॉच ले जाती। इससे कोई मुझसे संपर्क नहीं कर पाता। धीरे धीरे यह मेरी आदत बन गई।' उन्होंने कहा कि एक समय पर अवसाद ने उन्हें इतना घेर लिया कि दो घंटे भी सो नहीं पाती थी।

# पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण जीत सकती है भारतीय पुरूष हॉकी टीमः सिवाच

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान प्रीतम रानी सिवाच को यकीन है कि पुरूष टीम पेरिस ओलंपिक में अपने पदक का रंग बदलकर स्वर्ण जीत सकती है। आठ बार की चैम्पियन भारतीय टीम ने 41 साल के इंतजार को खत्म करके तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता था। सिवाच ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा,' भारत के पास कुछ बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं जो मैच जिताने में सक्षम हैं।' उन्होंने कहा,'भारत का पूल कठिन है लेकिन मुझे यकीन है कि टीम पदक का रंग बदलकर पीला तमगा जीत सकती है।' भारत को ओलंपिक में पहला मैच 27 जुलाई को न्यूजीलैंड से खेलना है। सिवाच ने यह भी कहा कि आगामी राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग से युवाओं को अपना कौशल दिखाने का मौका मिलेगा जिससे राष्ट्रीय टीम में जगह बनाने का रास्ता बनेगा। उन्होंने कहा,' इसके जरिये खिलाड़ियों को पता चलेगा कि उन्हें किन पहलुओं पर काम करना है और अपने खेल में सुधार कैसे कर सकते हैं।'

# सनराइजर्स जैसी 'मालगाड़ी' के लिये तैयारी शुरू कर दी है: होप्स

एजेंसी
अहमदाबाद




दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि शुरूआती झटकों से उबरने के बाद अब उनकी टीम सनराइजर्स हैदराबाद जैसी 'मालगाड़ी' के खिलाफ अगले मैच की तैयारी में जुटी है। दिल्ली ने गुजरात टाइटंस को बुधवार को खेले गए मैच में 89 रन पर समेटने के बाद छह विकेट से जीत दर्ज की। अब दिल्ली को लगातार तीन मैच अपने मैदान अरूण जेटली स्टेडियम पर खेलने हैं। सनराइजर्स ने आईपीएल में दो बार टूनार्मेंट के इतिहास के सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड बनाया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट पर 287 रन बनाये। होप्स ने कहा,' हम अगले मैच में मालगाड़ी से मुकाबला करने जा रहे हैं जिसका नाम सनराइजर्स हैदराबाद है। हमने उसकी तैयारी शुरू कर दी है। अगर इस सप्ताह अच्छा प्रदर्शन कर सके तो शीर्ष चार में होंगे।' दिल्ली इस समय अंकतालिका में छठे स्थान पर है। होप्स ने कहा कि कप्तान ऋषभ पंत की बल्लेबाजी और कप्तानी बेहतरीन रही है। उन्होंने कहा,' पिछले साल हमें उसकी कमी बहुत खली। उसके जैसे विश्व स्तरीय विकेटकीपर की कमी पूरी करना बहुत मुश्किल है। वह सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर ही नहीं बल्कि बेहतरीन बल्लेबाज भी है।' उन्होंने कहा,' अब जबकि वह लौट आया है, आप देख सकते हैं कि उसकी विकेटकीपिंग और कप्तानी कितनी शानदार है। उसकी बल्लेबाजी भी टूनार्मेंट की शुरूआत से शानदार रही है।' गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज डेविड मिलर ने कप्तान शुभमन गिल का बचाव किया जो आठ रन ही बना सके।

# विकेरी को हराकर कोको गॉ स्टटगार्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में

**स्टटगार्ट (जर्मनी)।** अमेरिका की कोको गॉ ने हमवतन साचिया विकेरी को 6 . 3, 4 . 6, 7 . 5 से हराकर पोर्शे ग्रां प्री टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व रैंकिंग में 134वें स्थान पर काबिज विकेरी ने 19 ब्रेक प्वाइंट बनाये लेकिन सात को ही भुना सकी। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी गॉ ने मैच में 15 दोहरी गलतियां की लेकिन तीसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की। पहले दौर में गॉ को बाय मिला था। अब उनका सामना झेंग किनवेन और मार्टा कोस्टियुक के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका भी अगले दौर में पहुंच गई जब उनकी करीबी मित्र और प्रतिद्वंद्वी पाउला बाडोसा तीसरे सेट में स्कोर 3 . 3 रहने के बाद पैर की चोट के कारण रिटायर हो गई। उस समय दोनों ने एक एक सेट जीत रखा था। एम्मा राडुकानू ने एंजेलिक कर्बर को पहले दौर में 6 . 2, 6 . 1 से हराया। वहीं ओंस जबाउर ने रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 2 . 6, 6 . 3, 7 . 6 से मात दी।

# गुकेश ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर, प्रज्ञानानंदा और गुजराती हारे



एजेंसी
टोरंटो

ग्रैंडमास्टर डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूनार्मेंट के 11वें दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त फेबियानो कारूआना से ड्रॉ के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर खिसक गए जबकि भारत के ही आर प्रज्ञानानंदा और विदित गुजराती को पराजय का सामना करना पड़ा। प्रज्ञानानंदा को अमेरिका के हिकारू नकामूरा और गुजराती को रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि ने हराया। अन्य मुकाबलों में फ्रांस के फिरोजा अलीरजा ने अजरबैजान के निजात अबासोव को हराया। टूनार्मेंट में अब तीन दौर ही बचे हैं और नेपोम्नियाश्चि लगातार तीसरी बार खिताब के प्रबल दावेदार लग रहे हैं। रूस पर प्रतिबंध लगा होने से वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने 11 में से सात अंक लेकर एकल बढत बना ली। कारूआना, नकामूरा और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं। प्रज्ञानानंदा के 5 . 5 और गुजराती के पांच अंक हैं। महिला वर्ग में चीन की झोंग्यी तान को एकल बढत मिल गई है जबकि उनकी हमवतन टी लेइ दूसरे स्थान पर है। भारत की आर वैशाली ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रूस की अलेक्जेंड्रा गोरियाश्किना को हराया जबकि कोनेरू हम्पी ने बुल्गारिया की नूरगुल सलीमोवा को मात दी।

## रसोई दर्पण

# आइए जानें सिर्फ 30 मिनट में तैयार होने वाली रेसिपी

**हम में से बहुत से लोग ये कहकर अपना खाना नहीं बनाते- टाइम ही नहीं है यार, दफ़्तर से ही इतना लेट वापस आए। बहुत से लोग दफ्तर में 12-13 घंटे लगा देते हैं लेकिन खाने की बात आए को इंस्टैंट नूडल्स से पेट भरते हैं। मोहतरमा, जनाब आप खाने के लिए ही इतनी मेहनत कर रहे हैं। अगर टाइम से और हेल्दी खाना नहीं खाएंगे तो क्या फायदा? ऐसे लोगों कि समस्या का सॉल्यूशन हम लाए हैं। पेश है 30 मिनट में बन जाने वाले डिनर रेसिपीज**



### 1. वेजिटेबल राइस

अगर आप राइस फैन नहीं हैं तो ये रेसिपी आपको राइस फैन बना देगी। फ्रिज में जो भी सब्जियां मौजूद हैं (आलु, गोभी, बीन्स, कैप्सीकम, गाजर, टमाटर) सब निकाल लीजिए, चॉप कीजिए। कुकर में घी, जीरा, मिर्च और सबज़िया डालकर थोड़ी देर चला लीजिए। इसके बाद अपने अंदाज के अनुसार चावल डाल दीजिए। नमक, हल्दी, हल्का मैगी मसाला डालिए, पानी डालिए और ढक्कन लगा दीजिए। तैयार है वेजिटेबल राइस।

### 2. पनीर भुर्जी

ये पनीर की सबसे आसान रेसिपी है। जिन लोगों ने खाना बनाना शुरू ही किया है, उन लोगों के लिए ये बढ़िया ऑप्शन है। प्याज, टमाटर, बेसिक मसाले, बस पनीर भुर्जी तैयार है। पनीर भुर्जी को आप नाश्ता, लंच या डिनर किसी भी वक्त बना सकते हैं। इसके साथ आप रोटी, परांठा या पाव ले सकते हैं।

### 3. मिक्स दाल खिचड़ी

खिचड़ी कम्फर्ट फूड है। ये न सिर्फ.टेस्टी लगती है बल्कि बहुत हेल्दी है। मिक्स दाल खिचड़ी बनाने के लिए आप मिक्स दाल का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर मिक्स दाल नहीं है तो अरहर, मूंग, मसूर दाल और चावल के साथ भी बना सकते हैं। खिचड़ी को अचार, पापड़, दही किसी के साथ भी खा सकते हैं। पेट भी भर गया और मन भी।

### 4. आलु टमाटर का झोल

आलु टमाटर का झोल एक ऐसी रेसिपी है जिसे आप प्याज-लहसुन के साथ भी बना सकते हैं और बिना प्याज-लहसुन के भी। कढ़ाई में घी, जीरा, लाल मिर्च और अदरक कूटकर डालिए। इसके बाद टमाटर के छोटे-छोटे टुकड़े डालिए और टमाटर को थोड़ी देर पकाइए। इसके बाद कढ़ाई में आलु को मैश करके डालिए। नमक, हल्दी, बेसिक मसाले डालिए। थोड़ा सा पानी डालकर ढककर कुछ देर पकाइए। इसे आप रोटी, परांठा, पूरी या चावल के साथ खा सकते हैं।

### 5. मटर पुलाव

मटर पुलाव बहुत जल्दी बन जाता है। ये भारत में बेहद मशहूर भी है और सर्दियों में अक्सर बनाया जाता है। सर्दियों में ही ताजे मटर आते हैं। हेवी-बेस्ड पैन में घी, जीरा, अदरक डालें। इसके बाद मटर, चावल, गरम मसाला, नमक, हल्दी और पानी डालें। पैन को ढककर पकाएं। इसे रायता, अचार के साथ लंच या डिनर में खा सकते।

### 6. दही के आलु

दही के आलु को बहुत से लोग व्रत में खाते हैं। ये आलु की बहुत ही ईज और टेस्टी रेसिपी है। आलु उबालकर, काट लें। दो कप दही में एक चम्मच बेसन दालकर अच्छे से फेंट लें। कढ़ाई में घी, जीरा और अदरक डालें। आलु डालकर थोड़ी देर भूनें इसके बाद दही डाल दें। व्रत के दही के आलु की रेसिपी थोड़ी अलग होती है। इसे रोटी या चावल के साथ खा सकते हैं।

### 7. उत्तपम

इस दक्षिण भारतीय डिश को सूजी या फिर उड़द दाल और चावल के पीसकर बनाया जाता है। इसे पीसने के बाद इसका घोल बनाकर इसे तवे पर हल्का तेल या घी डालकर फैलाया जाता है और फिर ऊपर से कटी हुई तरह-तरह की सब्जियां इसपर डाल कर नमक छिड़का जाता है। उत्तपम को दोनों तरफ से पकने के बाद चटनी या सांभर के साथ परोसें। कुछ मिनटों में बन जाने वाला ये नाश्ता सेहत के लिहाज से भी फायदेमंद साबित होता है।

### 8. मैश्ड पोटेटो और सौटेड वेजिटेबल्स

मैश्ड पोटेटो और सौटेड वेजिटेबल्स एक बैलेंस्ड डिश है। इसे बच्चे-बड़े सभी पसंद करते हैं। उबले आलु को ब्लैक पेपर के साथ मैश कर लें। ब्रोकली, कैप्सीकम, बीन्स, गाजर जैसी सबज़ियों को बटर में सौटे कर लें। तैयार है मैश्ड पोटेटो और सौटेड बेजिटबेल्स।

### 9. खट्टी-मिठी दाल

दाल हमारी थाली की जान है लेकिन रोज की पीली दाल से कभी-कभी बोरियत होने लगती है उसमें जरा इमली मिलाएं, जरा सा पाव भाजी मसाला मिलाएं। इसे रोटी, परांठा या चावल के साथ खा सकते हैं।

### 10. पनीर वेजी सैलड

अगर कुछ पौष्टिक और टेस्टी खाना है और टाइम नहीं है तो पनीर वेजी सैलड सबसे अच्छा ऑप्शन है। इस रेसिपी में आप अपने मन की सबज़ियां डाल सकते हैं। इस सैलड में आप बॉयल्ड चिकन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

### 11. बैंगन का भर्ता

बैंगन का भर्ता न सिर्फ.कम तेल में बन जाता है बल्कि ये आपको बोर भी नहीं करेगा। एक बड़े से बैंगन को आग पर भून लें, बहुत से लोग बैंगन उबालते हैं लेकिन भूने बैंगन के टेस्ट का कोई जवाब नहीं। बैंगन का छिलका उतार लें, मैश कर लें। प्याज, टमाटर, लहसुन, हरि मिर्च को चॉप कर लें। कढ़ाई में सरसों तेल, जीरा डालें। प्याज भून लें, फिर टमाटर डालकर भून लें। इसके बाद इसमें धनिया पाउडर, सब्जी मसाला डालें। मैश किया बैंगन डालें। थोड़ी देर चलाएं और तैयार है बैंगन भर्ता। इसे रोटी या चवाल के साथ खा सकते हैं।

### 12. टमाटर की सब्जी

इसे बहुत से लोग टमाटर की चटनी भी कहते हैं। इसे आप टिफि न में भी ले जा सकते हैं। कढ़ाई में प्याज भुनें। बारीक कटे लहसुन और बेसिक मसालों के साथ थोड़ी देर चलाएं। जरा सी चीनी भी डालें। आखिरी में कटे हुए टमाटर डालें और थोड़ी देर पकाएं। धनिया पत्ती के साथ गार्निश करें। इसे रोटी या परांठा के साथ खा सकते हैं।

### 13. लौकी दाल

लौकी बहुत से लोगों को पसंद नहीं होती लेकिन इसके उतने ही फायदे हैं। अरहर दाल को धोकर रख लें। लौकी के बड़े-बड़े टुकड़े काट लें। कुकर में घी, जीरा, हींग, मिर्च डाल दें। इसके बाद लौकी और दाल डाल दें। नमक हल्दी और पानी डालें। ढक्कन लगाकर पका लें। इसे आप चावल या रोटी के साथ खा सकते हैं।

### 14. दाल पालक

दाल पालक बनाने के लिए घर में पालक होना जरूरी है। आप इसमें अरहर या मसूर दाल का इस्तेमाल कर सकते हैं। बहुत से लोग दाल और पालक को अलग-अलग पकाते हैं। आप कुकर में ही सभी चीजें मिलाकर उबाल सकते हैं। इसमें आप घी-अजवायन या घी-जीरे का तड़का लगा सकते हैं। चावल के साथ दाल पालक का स्वाद बढ़ जाता है।

### 15. मसाला मैकरॉनी

मसाला मैकरॉनी संडे नाश्ते का साथी बन चुका है। मैकरॉनी उबाल लें। सारी सबज़ियों को पैन में फ्राई करें। हल्का सोया सॉस, केचप डालें, मैगी मसाला और नमक डालें। इसके बाद मैकरॉनी मिक्स कर लें। तैयार है टेस्टी डिनर।

### 16. कर्ड राइस

बहुत से लोगों की गलतफहमी है कि साउथ इंडियन कुजीन- इडली, डोसा और उत्तपम तक सीमित है। कर्ड राइस एक बहुत ही पॉपुलर साउथ इंडियन डिश है। सिंपल डिश जिसमें पौष्टिक तत्वों की भरमार हो और स्वाद भी बेमिसाल। इसे बनाने के लिए कुछ खरीदारी करने की भी जरूरत नहीं, घर पर मौजूद चीजों से ही कर्ड राइस तैयार किया जा सकता है।

### 17. लेमन राइस

झटपट बन जाने वाली एक और साउथ इंडियन रेसिपी। अगर आपने एक बार लेमन राइस बना लिया तो आप बार-बार इसे ट्राई करेंगे। इस डिश में जरूरी पोषण तत्व भी हैं और स्वाद भी। पैन में तेल डालें, मूंगफली को भून लें और अलग कर लें। इसके बाद उसी तेल में राई, उरद दाल, चना दाल डालें और भून लें। इसके बाद करी पत्ता, हरी मिर्च और अदरक डालें। थोड़ी देर भुनने के बाद नमक, हल्दी डालें। इसके बाद उबले चावल डालें और नींबू का रस मिलाएं। तैयार है लेमन राइस।

### 18. सैंडविच

सैंडविच सबसे ईजी ऑप्शन है। चाहे वो नाश्ता हो, लंच हो या डिनर। आप आलु उबालकर देसी सैंडविच बना सकते हैं। या कच्चे खीरा-टमाटर प्याज और चीज डालकर भी सैंडविच बना सकते हैं।

### 19. वेजिटेबल दलिया

डायट को लेकर फि क्रमंद हो या नहीं लेकिन दलिया सुपरफूड है। दलिया से बेहतर डिनर ऑप्शन कुछ नहीं हो सकता। इसे बनाना, खाना और पचाना आसान है। आप चाहें तो वेजिटेबल दलिया या दूध के साथ उबला दलिया ले सकते हैं।

### 20. कॉर्न राइस

कॉर्न राइस एक ऐसी रेसिपी है जिसको लेकर बच्चों और बड़ों में जंग छिड़ सकती है। रेड, येलो, ग्रीन कैप्सीकम को चॉप कर लें। कॉर्न उबाल लें। कढ़ाई में बटर डालें और सारी सबज़ियां डालें। थोड़ी देर पका लें, फिर पके हुए चावल डाल दें। सोया सॉस, विनिगर, ग्रीन चिली सॉस, रेड चिली सॉस डालें। तैयार है कॉर्न राइस।

